
दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
RNI NO.RAJHIN /2013/52026
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 13 | अंक : 91 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00
टोंक | गुरुवार, 06 नवम्बर 2025 | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष प्रतिपदा संवत् - 2082
भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan



## काशी में देव दीपावली- 25 लाख दीये जगमगाए

बढ़ता राजस्थान

**वाराणसी (एजेंसी)।** काशी में बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा पर देव दीपावली मनाई जा रही है। सीएम योगी ने नमो घाट पर पहला दीप जलाया। 84 घाटों पर 25 लाख दीये जलाए गए। 15 लाख दीयों का इंतजाम पर्यटन विभाग ने और 10 लाख का समितियों व काशीवासियों ने किया था। 2024 में 20 लाख दीये जलाए गए थे। दशाश्वमेध घाट पर होने वाली देव दीपावली इस बार ऑपरेशन सिंदूर थीम पर रही। वहीं, दशाश्वमेध घाट पर महाआरती की गई। इसमें एक लाख से ज्यादा लोग शामिल हुए। आरती के दौरान एक बच्ची गंगा में गिर गई। हालांकि, उसे एनडीआरएफ के जवानों ने तुरंत बाहर निकाल लिया। इसके बाद लेजर शो और फिर आतिशबाजी की गई। सीएम योगी ने क्रूज पर बैठकर इस पूरे आयोजन का आनंद लिया। देव दीपावली मनाने 40 से ज्यादा देशों के लोग वाराणसी पहुंचे। जयपुर और कोलकाता के 70 श्रद्धालु एक जैसी ड्रेस पहनकर पहुंचे।

### संक्षिप्त समाचार

## जयपुर में नीट की छात्रा ने किया सुसाइड
### रूम पार्टनर कोचिंग से लौटी तो फंदे से लटकी मिली

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर के एक पीजी में बुधवार दोपहर नीट की तैयारी कर रही 17 साल की छात्रा ने सुसाइड कर लिया। उसकी रूम पार्टनर कोचिंग इंस्टीट्यूट से पीजी लौटी तो वह फंदे से लटकी मिली। मामला महेश नगर थाना इलाके का है। पुलिस सुसाइड के कारण का पता लगाने का प्रयास कर रही है। हालांकि पुलिस प्रथमदृष्टया सुसाइड का कारण पढ़ाई का तनाव होना मान रही है। छात्रा के परिवार को सूचित कर दिया है। एसएचओ सुरेश यादव ने बताया- छात्रा दौसा के सिकंदरा की रहने वाली थी। वह त्रिवेणी नगर में स्थित चौधरी गर्ल्स पीजी में रहकर नीट की तैयारी कर रही थी। बुधवार सुबह उसकी रूम पार्टनर कोचिंग के लिए चली गई। पीछे से छात्रा ने कमरे में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। दोपहर करीब 1:30 बजे रूम पार्टनर पीजी लौटी। कमरा अंदर से बंद होने पर काफी देर तक दरवाजा खटखटाया और आवाज लगाई। जबाव नहीं मिलने पर पीजी संचालक और सहेलियों को बताया।

## जयपुर में आग की लपटों में फंसे 6 लोग
### 10 मंजिला अपार्टमेंट में लगी भीषण आग; 6 दमकलों की मदद से पाया काबू

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर के 10 मंजिला अपार्टमेंट के एक फ्लैट में बुधवार देर शाम आग लगने से दहशत फैल गई। फायर कर्मियों ने 7वीं मंजिल पर फंसे 6 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। फायर बिग्रेड की 6 गाड़ियों की मदद से एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। फायर स्टेशन बनीपार्क के एलएफएम अब्दुल अजीम ने बताया- भट्टाबस्ती इलाके में कांवटिया सर्किल के पास अमानीशाह रोड पर एसएनजी अपार्टमेंट है। 10 मंजिला अपार्टमेंट की 7वीं मंजिल पर स्थित एक फ्लैट में देर शाम करीब 7:30 बजे आग लग गई। फ्लैट में आग की भीषण लपटे और धुआं उठते देखकर स्थानीय लोगों में दहशत फैल गया। आग लगने की सूचना पर फायर बिग्रेड की गाड़ियों को तुरंत रवाना किया गया। मौके पर पहुंचे फायर बिग्रेड की टीम आग बुझाने पहुंची। अपार्टमेंट के 7वें फ्लोर पर लगी आग से 5-7 लोगों के फंसे होने का पता चला।

## बुलंदशहर में झूला टूटा, बच्ची की मौत
### देवरिया में श्रद्धालुओं से भरी नाव सरयू में पलटी, महिलाएं चिल्लाईं, छटपटाने लगीं

**उत्तर प्रदेश।** यूपी में कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा घाटों पर स्नान के लिए भीड़ उमड़ी। देवरिया में सरयू नदी में 12 श्रद्धालुओं से भरी नाव पलट गई। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। महिलाएं चिल्लाने लगीं। घाट पर अफरा-तफरी मच गई। श्रद्धालुओं को डूबता देख घाट पर मौजूद गोताखोर और नाविक नदी में कूद गए। जैसे-तैसे महिलाओं और डूब रहे श्रद्धालुओं को रस्सी के सहारे खींचकर बाहर लाए। हादसा बरहज थाना क्षेत्र में गंगा घाट पर हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया- सरयू का बहाव तेज था। नाव भी ओवरलोड थी। ऐसे में बीच धारा में पहुंचते ही नाव डगमगा गई और पलट गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि जहां हादसा हुआ वहां नदी की गहराई 20 फीट से ज्यादा थी।

### बिहार चुनाव

## पहले चरण का मतदान आज
### सम्राट, तेजस्वी, विजय समेत कई नेताओं का भविष्य दांव पर

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान गुरुवार को होगा। इस चरण में प्रदेश के 121 सीटों के 3.75 करोड़ से अधिक मतदाता 1314 उम्मीदवारों के राजनीतिक भविष्य को तय करेंगे। इस चरण में कई दिग्गजों की किस्मत का फैसला भी मतदाता तय करेंगे जो चुनावी समर में ताल ठोक रहे हैं।



#### पहले चरण के 121 सीटों पर एनडीए के 121 और महागठबंधन के 126 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं

पहले चरण के चुनाव में जिन 121 सीटों पर मतदान होना है, उनमें से एनडीए के 121 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं, जबकि महागठबंधन के 126 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। एनडीए की ओर से भाजपा के 48 उम्मीदवार जबकि जदयू के 57, लोजपा (रामविलास) के 14 और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के दो प्रत्याशियों का भाग्य का फैसला होना है। जबकि महागठबंधन की ओर से इस चरण में राजद के 73, कांग्रेस के 24, भाकपा माले के 14, वीआईपी के पांच, माकपा के तीन और भाकपा के पांच सहित इंडियन इंकलाब पार्टी (आईआईपी) के तीन उम्मीदवारों का भविष्य मतदाता तय करेंगे।

#### पहले चरण में 14 मंत्री उम्मीदवार हैं और 17 जिलों में मतदान होगा

पहले चरण के चुनाव में कई दिग्गजों की किस्मत भी दांव पर लगी है। इनमें उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा और तेजस्वी यादव की किस्मत भी गुरुवार को मतदाता तय करेंगे। बताया गया कि इस चरण में 14 मंत्री भी उम्मीदवार हैं। पहले चरण में मधेपुरा, सहरसा, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, सीवान, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय, खगड़िया, मुंगेर, लखीसराय, शेखपुरा, नालंदा, पटना और भोजपुर जिलों में मतदान होना है।

#### पहले चरण के मतदान में कई पार्टियों के अध्यक्षों के भी भविष्य तय होंगे

पहले चरण के मतदान में कई पार्टियों के अध्यक्षों के भी भविष्य तय होंगे। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा महनार से चुनावी मैदान में हैं जबकि रालोमो के अध्यक्ष मदन चौधरी पारू से और आईआईपी के इंद्रजीत प्रसाद गुप्ता सहरसा से चुनावी मैदान में हैं।

## राजस्थान के मदरसों में भी गाया जाएगा वंदे मातरम्
### शिक्षा मंत्री बोले- सरकारी संस्थानों में अनिवार्य होगा; अगले साल 312 स्कूल होंगे मर्ज

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान के सभी सरकारी ऑफिस, स्कूल-कॉलेज सहित मदरसों में रोजाना राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम गाया जाएगा। 7 नवंबर को वंदे मातरम के 150 साल पूरे होंगे। इस मौके पर राजस्थान सरकार ने पूरे साल देशभक्ति वर्ष के रूप में मनाने की तैयारी की है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा- यह नियम उन सभी संस्थानों में लागू होगा, जो राज्य सरकार के अधीन हैं। चाहे वे स्कूल हों, कॉलेज हों या मदरसे। दिलावर ने घोषणा करते हुए कहा- वंदे मातरम् केवल गीत नहीं, यह भारत की आत्मा है। यह हर नागरिक के हृदय में देश प्रेम की भावना जगाता है। राजस्थान में शिक्षा विभाग अब कम छात्र-छात्राओं वाले स्कूलों के विलय की प्रक्रिया तेज करने जा रहा है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बताया- इस साल 449 स्कूलों का विलय किया जा चुका है। वहीं अगले साल 312 और स्कूलों को मर्ज किया जाएगा। इनमें



25 से कम स्टूडेंट वाले 155 उच्च माध्यमिक स्कूल और 5 या उससे कम नामांकन वाले 157 प्राथमिक स्कूल शामिल हैं। दिलावर ने कहा- दो सालों के प्रयासों के बावजूद जिन स्कूलों में नामांकन नहीं बढ़ा है, उन्हें नजदीकी स्कूलों में मर्ज किया जाएगा। ताकि छात्र-छात्राओं को ज्यादा दूरी तय नहीं करनी पड़े। सर्वे जारी है और प्रक्रिया अगले वर्ष की शुरुआत तक पूरी कर ली जाएगी।

## सीजेआई गवई बोले- संविधान में न्याय और समानता के सिद्धांत
### न्यायापालिका के पास न तलवार की ताकत है न शब्दों की, आज कानूनी शिक्षा ज्यादा प्रैक्टिकल



बढ़ता राजस्थान

**मुंबई।** देश के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा कि लोकतंत्र के तीनों अंग कार्यपालिका, अदालत और संसद ये तीनों मिलकर जनता के कल्याण के लिए काम करते हैं, कोई भी अकेले काम नहीं कर सकता। बुधवार को मुंबई स्थित महाराष्ट्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय परिसर में एक परियोजना के शुभारंभ कार्यक्रम में सीजेआई गवई ने कहा कि स्वतंत्रता, न्याय और समानता के सिद्धांत भारतीय संविधान में हैं, जो हर संस्था की कार्यप्रणाली का आधार हैं। उन्होंने कहा- न्यायपालिका के पास न तो तलवार की ताकत है और न ही शब्दों की। ऐसे में जनता का विश्वास ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है।




## मोदी से मिली वर्ल्ड चैंपियन भारतीय महिला टीम
### जर्सी गिफ्ट की, मंधाना बोलीं- पीएम ने हमें मोटिवेट किया; प्रतिका रावल व्हीलचेयर से पहुंचीं

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पहली बार विमेंस वनडे वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय महिला टीम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। पीएम ने टीम को जीत के लिए बधाई दी और लगातार 3 हार और सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग के बावजूद शानदार वापसी की सराहना की।

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 2017 में पीएम मोदी से हुई मुलाकात को याद किया, जब वे ट्रॉफी के बिना उनसे मिली थीं। इस बार वे ट्रॉफी के साथ उनसे मिली हैं। उन्होंने कहा- हम ट्रॉफी के साथ उनसे बार-बार मिलना चाहेंगे। वहीं, उपकप्तान स्मृति मंधाना ने कहा- पीएम ने सभी को मोटिवेट किया। वे हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।

भारतीय टीम के साथ बीसीसीआई प्रेसिडेंट मिथुन मन्हास और कोच अमोल मजूमदार भी मौजूद रहे। बांग्लादेश के खिलाफ चोटिल होने वाली प्रतिका रावल व्हीलचेयर पर दिखीं। भारतीय टीम ने 2 नवंबर को डीवाई पाटिल स्टेडियम में साउथ अफ्रीका को 52 रन से हराकर विमेंस वर्ल्ड कप जीता था। शाम 4:40 बजे पीएम आवास




पहुंच गई थी भारतीय टीम प्रधानमंत्री से मिलने के लिए भारतीय टीम शाम 4:40 बजे पीएम आवास पहुंच गई थी। टीम एक दिन पहले दिल्ली पहुंची थी। ताज होटल में टीम इंडिया का भव्य स्वागत किया गया था।

## सम्पादकीय

# राहत देने वाला फैसला, फ्लैट खरीदारों और बैंकों को राहत

यह स्वागतयोग्य है कि ईडी अर्थात प्रवर्तन निदेशालय इंसाल्वेंसी और बैंकरप्सी बोर्ड के साथ मिलकर ऐसी व्यवस्था करने जा रहा है, जिससे दीवालिया कंपनियों और उनके प्रवर्तकों की जब्त की गई संपत्तियों से फ्लैट खरीदारों और बैंकों को राहत दी जा सके। ईडी की ओर से इस संदर्भ में जो मानक संचालन प्रक्रिया बनाई जा रही है, उससे यह स्पष्ट हो रहा है कि उसके दायरे में बिल्डरों की जब्त संपत्तियां ही आएंगी। अच्छा हो कि इस प्रक्रिया के दायरे में वे दीवालिया कंपनियां और उनके प्रवर्तक भी आएं, जो बैंकों या बाजार से पैसा लेकर किसी भी तरह की धोखाधड़ी के आरोपित हैं। ऐसे आरोपितों की बड़ी संख्या है। इनमें वे घोटालेबाज भी शामिल हैं, जो अपने कारोबार को विस्तार देने के नाम पर बैंकों से बड़ा लोन लेकर उसे हड़प गए। आम लोगों और बैंकों से पैसा लेकर उसे हजम कर जाने वालों की संपत्तियों को जब्त कर लेना इसलिए पर्याप्त नहीं कहा जा सकता, क्योंकि इतने मात्र से पीडित पक्षों को कोई लाभ नहीं मिलता। दीवालिया कंपनियों और कारोबारियों की जब्त संपत्ति को लेकर जो वैधानिक कार्रवाई शुरू की जाती है, वह आमतौर पर लंबी खिंचती है। इस दौरान पीडित पक्ष परेशान होते रहते हैं, क्योंकि अभी नियम यह है कि मामले का निपटारा होने तक जब्त संपत्ति को बेचा नहीं जा सकता। इसका बुरा असर बैंकों, निवेशकों और आम लोगों पर पड़ता है। इसका कोई मतलब नहीं कि घोटालेबाजों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई तो शुरू हो जाए, लेकिन उनकी हजारों करोड़ रुपये की जब्त संपत्ति अनुप्रयुक्त पड़ी रहे। न्याय का तकाजा यह कहता है कि घपले-घोटाले के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने के साथ ही पीडितों को यथाशीघ्र राहत देने की भी कोई व्यवस्था हो। बैंक तो तब भी घोटाले में डूबी रकम वापस पाने की प्रतीक्षा कर सकते हैं, लेकिन आम लोग ऐसा नहीं कर सकते। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि बड़ी संख्या में ऐसे बिल्डर हैं, जिन्होंने लाखों लोगों को उनके घर का सपना दिखाकर उनके साथ ठगी की। इनमें से अनेक बिल्डरों ने फ्लैट खरीदारों के साथ बैंकों को भी ठगा। अच्छा होगा कि केंद्र सरकार अपनी विभिन्न एजेंसियों के बीच ऐसा समन्वय कायम करे, जिससे बिल्डरों के साथ-साथ अन्य दीवालिया कंपनियों के मामलों में फंसे अरबों रुपये की वसूली का रास्ता खुले। इसी के साथ ऐसे भी उपाय करने होंगे, जिससे जानबूझकर दीवालिया होने के तौर-तरीकों पर लगाम लगे। कई मामलों में यह देखने में आया है कि घोटालेबाज



दीवालिया होने और इस कारण अपनी संपत्ति की जब्ती के बाद भी पहले की तरह ठाठ से रहते हैं। एक समस्या यह भी है कि ऐसे लोगों के मामलों का निपटारा होने में बहुत अधिक समय लगता है।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 6 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1763 - ब्रिटिश फौज ने मीरकासिम को हराकर पटना पर क़ब्ज़ा किया।
- 1813 - मैक्सिको ने स्पेन से स्वतंत्रता हासिल की।
- 1844 - स्पेन ने डोमिनिकन गणराज्य को स्वतंत्र किया।
- 1860 - अब्राहम लिंकन अमेरिका के सोलहवें राष्ट्रपति चुने गए।
- 1903 - अमेरिका ने पनामा के स्वतंत्रता को मान्यता प्रदान की।
- 1913 - दक्षिण अफ्रीका में भारतीय खनन मजदूरों की रैली का नेतृत्व करने के लिए महात्मा गांधी को गिरफ्तार किया गया।
- 1943 - दूसरे विश्व युद्ध के दौरान जापान ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह सौंपे।
- 1949 - यूनान में गृह युद्ध समाप्त हुआ।
- 1962 - राष्ट्रीय रक्षा परिषद की स्थापना हुई।
- 1990 - नवाज शरीफ़ पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बने।
- 1994 - अफग़ानिस्तान के बुरहानुद्दीन रब्बानी गुट द्वारा संयुक्त राष्ट्र अफग़ान शांति योजना स्वीकृत।
- 1998 - सियाचिन में युद्धविराम का भारत का प्रस्ताव पाकिस्तान को नामंजूर।
- 2000 - ज्योति बसु ने लगातार 23 वर्षों तक पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री रहने के बाद पद छोड़ा।
- 2004 - रूस ने क्योटो करार की पुष्टि की।
- 2008 - स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया ने प्रधान ब्याज दर (जीएलआर) और जमादारों के कटौती की घोषणा की।
- 2013 - सीरिया के दमस्कस में आत्मघाती विस्फोट में आठ मरे, 50 घायल।
- इराक की राजधानी बगदाद में आत्मघाती हमला, 15 मरे।
- 2013- महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर और वैज्ञानिक प्रो. सीएनआर राव को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' देने की घोषणा की गई।
- 6 नवंबर को जन्मे व्यक्ति
- 1986 - भाविना पटेल - भारत की पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ी हैं।

## विशेष आलेख

# समाज में व्याप्त अंधविश्वास का अंधेरा?






संजीव ठाकुर

अंधविश्वास, यह शब्द अपने आप में ही उस अंधकार की स्मृति जगाता है जहाँ बुद्धि, तर्क और विज्ञान का प्रकाश पहुंचते-पहुंचते थक जाता है। दुर्भाग्य से हमारा समाज आज भी उसी अंधकार के कुछ कोनों में सिमटा दिखाई देता है। प्रश्न यह है कि क्या हम सचमुच इक्कीसवीं सदी के वैज्ञानिक युग में हैं, या फिर मानसिक रूप से अब भी किसी प्राचीन युग के भ्रमलोक में भटक रहे हैं? अशिक्षा और अज्ञानता ने भारतीय समाज में अंधविश्वास और धार्मिक कट्टरता के बीज इतने गहरे बो दिए हैं कि वे आज वटवृक्ष बन चुके हैं। यदि कोई अशिक्षित व्यक्ति किसी मिथकीय धारणा या अलौकिक शक्ति पर विश्वास करता है, तो यह कुछ समय के लिए क्षम्य प्रतीत हो सकता है, पर जब शिक्षित और तथाकथित बुद्धिजीवी वर्ग भी बिना विचार किए इन्हीं अंधविश्वासों के पीछे भागने लगता है, तब यह हमारे समाज की बौद्धिक पतनशीलता का संकेत बन जाता है। शिक्षा केवल अक्षर ज्ञान नहीं, बल्कि विवेक का स्रोत है जो मनुष्य को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाती है। यही शिक्षा तर्कसंगत सोच, वैज्ञानिक दृष्टि और स्वतंत्र विचार की क्षमता प्रदान करती है। जब विज्ञान ने यह सिद्ध किया कि पृथ्वी चपटी नहीं, गोल है, तब मानव ने अपने विश्वास को अनुभव और प्रमाण के आधार पर बदला। यही परिवर्तनशीलता सभ्यता की पहचान है। शहीद भगत सिंह ने अपने संगठन नौजवान भारत सभा के घोषणा पत्र में लिखा था धार्मिक अंधविश्वास और कट्टरता हमारी प्रगति के सबसे बड़े शत्रु हैं। यह वाक्य आज भी उतना ही प्रासंगिक है। भगत सिंह का विश्वास था कि केवल नई सोच वाले युवा ही इस रूढ़ समाज में क्रांति ला सकते हैं। उनकी यह आस्था आज भी प्रेरक है क्योंकि युवा ही वे दीपक हैं, जिनके विचारों की लौ से अंधविश्वास के अंधकार को मिटाया जा सकता है। अंधविश्वास और आडंबर से लड़ाई का सबसे सशक्त अस्त्र शिक्षा है। शिक्षा के साथ विज्ञान और तकनीक वह दो ध्रुव हैं जिनसे होकर मनुष्य अपनी सोच को आधुनिकता की दिशा में विकसित कर सकता है। विज्ञान ने अनेकों मिथकों का भंडाफोड़ किया है, और यह सिद्ध किया है कि तर्कसंगत विचार ही सत्य की कसौटी हैं। आज जब हम चंद्रमा तक पहुँच चुके हैं, जब संचार माध्यमों ने पूरी दुनिया को एक परिवार में बदल दिया है, तब यह सोचने की आवश्यकता है कि क्या बिल्ली के रास्ता काटने से सचमुच हमारा काम रुक जाता है? क्या छींकने से कोई अशुभ घटना घटती है? या फिर कौवे की बोली मेहमान का आगमन संकेतित करती है?

इन तमाम अवधारणाओं का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं, परंतु इन पर विश्वास करना हमें तर्क से दूर और भ्रम के निकट ले जाता है। यह मनुष्य की जिज्ञासा का नहीं, बल्कि जड़ता का प्रमाण है। अंधविश्वास को सामाजिक स्वीकृति तब मिलती है जब शिक्षित व्यक्ति भी अपने विवेक का प्रयोग करना छोड़ देता है। सबसे चिंताजनक पक्ष यह है कि आज तंत्र-मंत्र, ज्योतिष और भविष्यवाणी का कारोबार गाँवों से निकलकर महानगरों तक फैल चुका है। लोग अपने जीवन की हर समस्या का समाधान किसी तांत्रिक या गुरु से पूछते हैं, जो भय और विश्वास का व्यापार करते हैं। वे भूत-प्रेत, राहु-केतु या कालसर्प दोष के नाम पर भोले लोगों से धन लूटते हैं। विडंबना यह है कि इनका प्रचार अब प्रतिष्ठित टीवी चैनलों और अखबारों में भी खुलेआम होता है, मानो यह कोई वैध उद्योग हो।वास्तव में यह हमारे सामाजिक विवेक पर सबसे बड़ा प्रश्नचिह्न है। यूरोपीय देशों में भी अंधविश्वास के कुछ अंश हैं, पर वहाँ शिक्षा और वैज्ञानिक चेतना ने उसकी जड़ों को कमजोर किया है। भारत में यह जड़ें इसलिए मजबूत हैं क्योंकि शिक्षा अभी भी समान रूप से प्रत्येक व्यक्ति तक नहीं पहुँची है। यदि हमें सच में एक प्रगतिशील, विवेकशील और जागरूक समाज बनाना है तो प्राथमिक स्तर से ही विज्ञानसम्मत शिक्षा और आलोचनात्मक सोच को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाना होगा। मीडिया और सोशल मीडिया को भी यह जिम्मेदारी निभानी होगी कि वह तर्कहीन विश्वासों के बजाय वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करे। अंधविश्वास के खिलाफ सबसे बड़ी लड़ाई विचारों की है तर्क, शिक्षा और साहस की लड़ाई। यह युद्ध तलवार से नहीं, कलम से; आस्था से नहीं, विवेक से; अंधकार से नहीं, प्रकाश से जीता जा सकता है। हमें याद रखना होगा कि किसी भी समाज का भविष्य उसके विचारों पर निर्भर करता है, और विचार तभी विकसित होते हैं जब मनुष्य भय से मुक्त होकर प्रश्न पूछने की क्षमता रखता है।आज आवश्यकता इस बात की है कि हम स्वयं से प्रश्न करें क्या हम सचमुच स्वतंत्र हैं, यदि हमारे विचार अब भी जंजीरों में जकड़े हैं? क्या यह आधुनिकता केवल तकनीकी है, या मानसिक भी? यदि उत्तर नहीं है, तो हमें स्वयं को पुनः शिक्षित करना होगा। अंधविश्वास से मुक्त समाज वही होगा जहाँ तर्क, ज्ञान और सत्य का सम्मान होगा। वह दिन ही सच्चे अर्थों में नवजागरण का दिन होगा — जब मनुष्य अपने मस्तिष्क की स्वतंत्रता को धर्म, परंपरा या भय के किसी बंधन से मुक्त कर पाएगा।

# अब्बा डब्बा जब्बा नहीं, अब अप्पू टप्पू पप्पू

*अधिकांश फिल्मप्रेमियों ने ये फिल्म टीवी या सिनेमा में अवश्य देखी होगी। फिल्म की कहानी तो उस समय की सुपरहिट थी ही, सो उसकी चर्चा करने की जरूरत ही नहीं है। जरूरत है फिल्म के एक सुपरहिट डायलॉग 'अब्बा डब्बा जब्बा' पर चर्चा करने की।*



सुशील कुमार 'नवीन'

वर्ष 1997 में एक फिल्म रिलीज हुई थी। फिल्म का नाम था 'जुदाई'। मुख्य रोल में थे सुपरस्टार अनिल कपूर और लेडी सुपर स्टार श्रीदेवी। दोनों सुपरस्टारों के साथ जबरदस्त भूमिका में थी रंगीला गर्ल उर्मिला मातोंडकर। जो लोग 40 से बड़ी उम्र के है, अधिकांश फिल्मप्रेमियों ने ये फिल्म टीवी या सिनेमा में अवश्य देखी होगी। फिल्म की कहानी तो उस समय की सुपरहिट थी ही, सो उसकी चर्चा करने की जरूरत ही नहीं है। जरूरत है फिल्म के एक सुपरहिट डायलॉग 'अब्बा डब्बा जब्बा' पर चर्चा करने की। मूक बधिर महिला के निभाए गए आइकॉनिक रोल में इस डायलॉग ने उपासना सिंह को रातों रात सुर्खियों में ला दिया था। वैसे आज के समय में उपासना सिंह किसी परिचय की मोहताज नहीं है। आप भी सोच रहे होंगे कि इस डायलॉग की आज 28 वर्ष बाद अचानक कैसे याद हो आई। तो सुनिए बिहार में गुरुवार 6 नवंबर और 11 नवंबर को चुनाव होना है। बिहार की कुल 243 सीट पर दो चरण में चुनाव हो रहे हैं। लगभग 7.43 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। देश की राजनीति में बिहार की बड़ी भूमिका रहती है। इसलिए भाजपा गठबंधन और कांग्रेस गठबंधन जीत के लिए अपना पूरा जोर लगाए हुए है। 121 सीटों के लिए प्रचार थम चुका है। शेष 122 सीटों के लिए 9 नवंबर तक आरोप प्रत्यारोपों का दौर जारी रहेगा। 11 नवंबर को द्वितीय चरण के मतदान के बाद परिणाम 14 नवंबर को आयेगा। अब सीधे मुद्दे पर आते हैं। चुनाव कोई भी हो चटखारे लेने में कोई कर कसर नहीं छोड़ता। मोदी विरोधी हर मंच से जुमलेबाज, वोट चोर तो कहते ही है। साथ में दो चार तंज और भी छोड़ देते हैं। इसी क्रम में कसर मोदी भी नहीं छोड़ते। जहां मौका लगता है, वहीं तरकश से तीर छोड़ देते है। इस बार मोदी से ज्यादा तो यूपी वाले बाबा जी( योगी आदित्यनाथ) चुनावी मैदान में छक्के पे छक्का मारे जा रहे हैं। नया डायलॉग है पप्पू, अप्पू और टप्पू। उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बिहार की धरती से न केवल पटना की राजनीति को नहीं साध रहे, बल्कि दिल्ली तक की विपक्ष की राजनीति को निशाने पर ले रहे हैं।। हाल ही में उन्होंने बातों-बातों में विपक्ष के तीन बड़े चेहरों पर पप्पू, अप्पू और टप्पू का ऐसा डायलॉग मारा है जो लगातार चर्चा में है। उन्होंने बिना नाम लिए इन तीन चेहरों में कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी, सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव और बिहार में विपक्ष के सीएम फेस राजद नेता तेजस्वी यादव को गांधी जी के तीन बंदरों से इनका उदाहरण दिया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि आज गांधी जी के तीन बंदरों की तरह बिहार के महागठबंधन में भी तीन बंदर हैं। पप्पू, अप्पू और टप्पू। पप्पू सच बोल नहीं सकता, अप्पू सच सुन नहीं सकता और टप्पू सच देख नहीं सकता। उन्होंने बिना नाम लिए राहुल गांधी, अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव पर टिप्पणी करते हुए कहा कि वह तीनों (पप्पू, टप्पू और अप्पू) बंदर न सच देखते हैं, न सुनते हैं, न बोलते हैं। कुछ भी हो डायलॉग जबरदस्त ट्रेंड में है। खैर जो कहा सो कह दिया। लोकतंत्र में सबको बोलने की आजादी है। इन्होंने छक्का मारा है तो मौका लगेगा तो वो भी पीछे नहीं रहेंगे।

## लघु कथा

बढ़ता राजस्थान




**मूर्ख राजा और चतुर ब्राह्मण :** एक दिन, राजा ने अपने दरबार में सभी ब्राह्मणों को बुलाया और कहा, मैं एक बड़ी परीक्षा लेना चाहता हूँ। जो भी इस परीक्षा में सफल होगा, उसे बड़ा इनाम मिलेगा। सभी ब्राह्मणों को शाही पुरस्कार की उम्मीद थी, लेकिन राजा की परीक्षा का तरीका बहुत अजीब था। उसने सभी ब्राह्मणों से कहा कि वे उसे कुछ ऐसा बताएं जो उसे पूरी तरह से समझ में आ जाए और उसे परेशान न करे। चतुर ब्राह्मण ने सोचा और फिर राजा के पास गया। उसने कहा, महाराज, मैं एक ऐसी कहानी बताऊंगा जो आपको समझने में बिल्कुल मुश्किल नहीं होगी, और न ही आप परेशान होंगे। ब्राह्मण ने राजा को एक साधारण कहानी सुनाई, जिसमें कोई जटिलता नहीं थी। राजा को कहानी समझ में आई और वह खुश हुआ। चतुर ब्राह्मण ने राजा को समझाया कि कभी भी अपनी ताकत का गलत इस्तेमाल नहीं करना चाहिए और समझदारी से निर्णय लेना चाहिए। राजा ने ब्राह्मण की बातों को सुना और महसूस किया कि वह अपनी आलस्य की वजह से राज्य की भलाई के लिए कुछ नहीं कर रहा था। इसके बाद, राजा ने अपनी आदतें बदल दी और अपने राज्य का सही तरीके से संचालन करना शुरू किया। मूल शिक्षा- यह कहानी हमें यह सिखाती है कि आलस्य और मूर्खता से कोई भी अच्छा काम नहीं हो सकता। सच्ची समझदारी तब आती है जब हम अपने फैसलों में सोच-समझ कर कार्य करते हैं।

## हैल्थ टिप्स

बढ़ता राजस्थान

# पाचन तंत्र को दुरुस्त बनाने के लिए ये टिप्स आजमाएं

सुस्त पाचन की वजह से आपका दिन कितना बेकार हो सकता है, ये आप उन लोगों से बेहतर जान सकते हैं जिन्हें गैस, कब्ज या दस्त जैसी परेशानियां रहती है। आपका पाचन तंत्र भोजन को छोटे- छोटे रुपों में जैसे ग्लूकोज, एमिनो एसिड और फैटी एसिड में तोड़ता है। जिसके बाद ये पोषक तत्व आपकी छोटी आंत के जरिए आपके रक्त प्रवाह में अवशोषित होते हैं और शरीर के विभिन्न भागों तक इसे पहुंचाते हैं। पाचन प्रक्रिया में शरीर कई अंगों से होकर गुजरता है।

पाचन की प्रक्रिया मुंह से शुरु होती है, जहां आपके दांत भोजन को पीसते हैं और लार में मौजूद एंजाइम्स इसे तोडना शुरू कर देते हैं। जिसके बाद यह अदपचा भोजन हमारी छोटी आंत में आ जाता है। इसके बाद यहां से भोजन को बडी आंत में भेज दिया जाता है और इससे उपयोगी पदार्थों को शरीर द्वारा ग्रहण कर लिया जाता है. और बाकि भोजन को त्याग के लिए बडी आंत से बाहर निकाल दिया जाता है। बड़ी आंत आपके पाचन तंत्र को सुचारु रुप से चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जहां आपका पाचन तंत्र इतना जटिल है, ये आपकी जिम्मेदारी है कि कैसे इसे स्वस्थ रखा जाए। आइए जानते हैं कि इसे सुचारु रुप से चलाने के लिए किन- किन चीजों का सेवन करना चाहिए-

**सही तरीके से खाएं :** हमेशा समय पर भोजन करें। इसके टाइम में बदलाव नहीं करना चाहिए। खाना धीरे- धीरे खाएं। और हां ये ध्यान रहे कि पाचन की शुरुआत मुंह से होती है, इसलिए चबा-चबाकर भोजन करें। यदि आप अक्सर पेट में गड़बड़ी या अपच से पीडित होते हैं, तो अपने खाने के समय को थोड़ा पहले कर दें। सोने से 3 से 4 घंटे पहले खाना खा लेना चाहिए।

**फाइबर युक्त भोजन करें :** फाइबर आपके पाचन तंत्र के लिए बहुत अच्छा है। घुलनशील फाइबर पानी को अवशोषित करता है और आपके मल को सही करता है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज आपको अपने कामों पर ध्यान केंद्रित करना होगा। सरकारी कामों को लेकर यदि आपका कोई कोर्ट-कचहरी से संबंधित मामला चल रहा है, तो उसमें आपको कुछ अच्छे वकील से बातचीत करने की आवश्यकता है।

**वृष**
आज आपके सामने कुछ ऐसे खर्च आएंगे, जो आपको मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ेंगे, लेकिन आप संतान की फरमाइश पर यदि कोई काम करें, तो उसमें आपको थोड़ा समझदारी दिखाने की आवश्यकता है।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए बिजनेस में बढ़िया रहने वाला है। मित्रों और करीबियों का साथ आपको मिलेगा। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। आपका कोई विरोधी आपको परेशान करने की कोशिश कर सकता है।

**कर्क**
आज आपकी राजनीति में अच्छी छाप रहेगी। शासन और सत्ता का आपको पूरा लाभ मिलेगा। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा। आपको अपने प्रशासनिक कार्यों पर पूरा ध्यान देना होगा।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको अपने निजी मामलों को मिल बैठकर निपटाना बेहतर रहेगा।

**कन्या**
आज आप अपने कामों को लेकर धैर्य और संयम बनाए रखें। कार्यक्षेत्र में भी काम को लेकर ज्यादा परेशान ना हो और उसे तसल्ली से निपटाने की कोशिश करें। आपके बॉस के साथ आपके रिश्ते थोड़ा खराब हो सकते है।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए कामकाज के मामले में बढ़िया रहने वाला है। स्थायित्व की भावना आपके मन में रहेगी। आपको अपने आवश्यक कार्य को समय से निपटाने की कोशिश करें। आप किसी दूसरे पर डिपेंड ना रहें।

**वृश्चिक**
आज का दिन राजनीतिक की ओर प्रयास कर रहे लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। करियर में आपको कुछ समस्याओं का सामना करना बढ़ेगा। आप किसी बात को लेकर जिद या अहंकार ना दिखाएं।

**धनु**
आज आपको भावनाओं में बहकर कोई काम करने से बचना होगा। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। सगे संबंधियों पर आपका पूरा ध्यान रहेगा।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए समस्याएं लेकर आएगा। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह न बोले और परिवार में किसी वरिष्ठ सदस्य की सेहत में गिरावट आने से आपको थोड़ी टेंशन रहेगी।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए साहस में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप अपने महत्वपूर्ण कामों पर पूरा ध्यान दें। भाइयों के साथ आपकी खूब पटेगी और कोई सरकारी काम यदि लंबे समय से रुका हुआ था।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आज आप सबका दिल जीतने में कामयाब रहेंगे। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन होने से माहौल में खुशनुमा रहेगा और आपको अपने बिजनेस में कामों को लेकर लापरवाही बिल्कुल नहीं दिखानी है।

सरदार पटेल की 150 वीं जयंती

# यूनिट मार्च के पोस्टर का किया विमोचन, सरदार वल्लभ भाई पटेल भारत की आत्मा है : चौहान

बढ़ता राजस्थान

**टोंक(पुरूषोत्तम जोशी)।** सरदार पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में 7 नवम्बर को जिला स्तरीय पदयात्रा को लेकर सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय में जिला युवा अधिकारी, माय भारत केन्द्र टोंक एवं भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने बताया कि सरदार पटेल भारत की आत्मा है। जिन्होंने सभी रियासतों को एक सूत्र पिरोकर भारत को एकजुट करने का काम किया।




यह यात्रा एक कार्यक्रम नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का अभियान है। इसका उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को एकता की शक्ति का अनुभव कराना है। चौहान ने बताया कि टोंक में यह यात्रा 7 नवम्बर को आयोजित की जाएगी। चौहान ने बताया कि यह यात्रा प्रातः 10 बजे राउमावि कोठी नातमाम विद्यालय से प्रारम्भ होकर सवाईमाधोपुर चौराहा, बड़ा कुआ. नौशे मियां का पुल, काफला बाजार, पांच बत्ती, सुभाष बाजार, घंटा घर एवं पटेल सर्किल तक जाएगी। चौहान ने बताया कि इस पदयात्रा में मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री कन्हैया लाल चौधरी रहेंगे। इस पहल का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गौरव जगाना, समाज के प्रति जिम्मेदारी बढ़ाना एवं एकता की भावना को मजबूत करना है।

यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन भागीदारी से राष्ट्र निर्माण के विजन से प्रेरित है। इसमें युवा से लेकर वरिष्ठ नागरिक तक, सभी मिलकर देश के इतिहास को याद करते हैं तथा राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाते हैं। खासकर अमृत पीढ़ी यानी आज के युवाओं की भूमिका पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यूनिटी मार्च भारत सरकार एवं माय भारत की पहल है, जो लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को समर्पित है। इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में एकता, देशभक्ति एवं कर्तव्य भावना को जागृत करना है।

सरदार पटेल ने जिस तरह बिखरे हुए भारत को एक भारत बनाया, उसी भावना को यह पदयात्रा आगे बढ़ाएगी। इस अभियान के जरिए युवाओं को एक भारत एवं आत्मनिर्भर भारत के आदर्श अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम, राष्ट्रगान, सरदार पटेल की प्रतिमा चित्र पर श्रद्धांजलि युवाओं के बीच नशामुक्त भारत शपथ, ''गर्व से स्वदेशी'' संकल्प भी दिलवाए जाएंगे एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को भी याद किया जायेगा। पदयात्रा के दौरान सरदार पटेल की प्रतिमा चित्र पर श्रद्धांजलि,ख् आत्मनिर्भर भारत शपथ, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रमाण पत्र वितरण होगा।

इस कार्यक्रम में स्थानीय प्रशासन, माय भारत, एन. एस. एस. एवं एन. पी. पी. के साथ शिक्षा विभाग, स्काउट गाइड एवं जिला टोंक के लगभग 500 युवा प्रतिभागी भाग लेंगे। यूनिट मार्च के पोस्टर का भी विमोचन किया। इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी कुमार मधुकर माय भारत केंद्र टोंक, रोहिल कुमार कट्टा लेखा कार्यक्रम सहायक, डॉ. रजनी चौहान एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी वनस्थली विद्यापीठए सहित अन्य मौजूद रहे। सहित भाजपा जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी, राजेन्द्र सैनी उर्फ बबलू टैंकर, कार्यक्रम जिला संयोजक लोकेश गुप्ता, देवराज गुर्जर, पंकज पहाडिया, मंडल अध्यक्ष भगवान सैनी एवं राहुल गुर्जर आदि मौजूद थे।

## गंगापुरसिटी में जन्म के कुछ घंटे बाद सड़क किनारे छोड़ी नवजात

बढ़ता राजस्थान



**सवाईमाधोपुर/गंगापुरसिटी (राकेश शर्मा)।** बरनाला ग्राम पंचायत मुख्यालय की मालियों की ढाणी के पास बुधवार तडक़े सुनसान स्थान पर सडक़ किनारे नवजात बालिका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मासूम की रोने की आवाज सुनकर ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस नियंत्रण कक्ष को सूचना दी। सूचना मिलते ही बाटोदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और बच्ची को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाया। थानाधिकारी फत्तेलाल ने बताया कि सुबह सवा छह बजे सूचना मिली, जिसके बाद सवा सात बजे उसे गंगापुरसिटी चिकित्सालय के आईसीयू में भर्ती कराया। मेडिकल टीम ने उसे अपनी निगरानी में रखा है फिलहाल नवजात बच्ची की हालत स्थिर बताई जा रही है। चिकित्सकों के अनुसार नवजात का जन्म रात करीब तीन से चार बजे के बीच हुआ प्रतीत होता है। थानाधिकारी ने बताया कि बच्ची को इस हालत में छोडऩे वाले अज्ञात व्यक्ति की पहचान और उसकी मां की जानकारी के लिए मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। एक नवजात को इस तरह लावारिस छोड़ देना समाज के लिए चिंताजनक है। घटना की जानकारी बाल कल्याण समिति को भी दी गई है, ताकि बच्ची की सुरक्षा और भविष्य को लेकर उचित कदम उठाए जा सकें।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा कल, 7 हजार विद्यार्थी देंगे परीक्षा

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में संपूर्ण देश में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा टोंक जिले में 96 परीक्षा केंद्रों पर 7 नवंबर को आयोजित होगी। परीक्षा के जिला संयोजक हीरालाल शर्मा ने बताया कि यह परीक्षा टोंक जिले की टोंक, पीपलू, निवाई, मालपुरा, टोडारायसिंह, देवली व उनियारा तहसीलों में 96 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी। जिसमे करीब 7 हजार विद्यार्थी भाग लेंगे। शर्मा ने बताया कि छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सहयोग हेतु परीक्षा में सामान्य ज्ञान के चयनित प्रश्नों को शामिल किया जाता है। परीक्षा में कक्षा 5 से 12 तक के विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा ओएमआर शीट के माध्यम से होगी। परीक्षा में भाग लेने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को आकर्षक प्रमाण पत्र दिया जाएगा। इस परीक्षा का उद्देश्य युवा पीढ़ी को स्व संस्कृति अनुगामी, चरित्रवान, समाजनिष्ठ, राष्ट्रनिष्ठ व स्वावलंबी बनाना है।

निवाई तहसील संयोजक प्रेमप्रकाश शर्मा ने बताया कि निवाई तहसील में झिलाय, रजवास, सिरस, बस्सी, जोधपुरिया, सीन्दरा, गुढा आनंदपुरा, खिडगी, सरसडी रामपुरा, वनस्थली व मूंडिया सहित कई राजकीय व निजी विद्यालयों के विद्यार्थी परीक्षा देंगे। उन्होंने बताया कि जो विद्यार्थी तहसील व जिला मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करेंगे, उनको जिला स्तरीय सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

## अल्लामा इकबाल जयंती पर विश्व उर्दू दिवस का आयोजन 9 को

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** अल्लामा इकबाल जयंती के अवसर पर विश्व उर्दू दिवस के अन्तर्गत मुराद एकेडमी टोंक व राजस्थान कैलिट आर्ट फाउंडेशन टोंक क संयुक्त तत्वाधान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन 9 नवम्बर रविवार को रात्रि 7.30 बजे से ग्लोबल पब्लिक स्कूल जाल का कुआं रजबन टोंक में किया जायेगा। मुराद एकेडमी टोंक के सदर रोटेरियन के.आ.खान ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत में अल्लामा इकबाल के अशआर (शायरी) को खत्ताती कला के रूप में प्रदर्शित किया जायेगा तथा फने खत्ताती की प्रदर्शनी लगायी जायेगी। इसके बाद उर्दू ऑगन मुंबई की मासिका पत्रिका में प्रकाशित हुए 'मुराद सईदी' विशेषांक अक्टूबर 2025 पर विभिन्न वक्ताओं द्वारा परिचर्चा (व्याख्यान) प्रस्तुत किये जायेगें। कार्यक्रम में अल्लामा इकबाल की जीवनी, उनकी शायरी एवं उर्दू भाषा की उपयोगिता एवं इतिहास पर डॉ. अरशद अब्दुल हमीद द्वारा विशेष उद्बोधन दिया जायेगा। कार्यक्रम में रात्रि 8.30 बजे एक अखिल भारतीय मुशायरा भी आयोजित किया जायेगा, जिसमें आमंत्रित स्थानीय शायरों के साथ-साथ नई दिल्ली से शरफ नान पारवी, मेरठ से वारिस वारसी तथा जयपुर से इब्राहीम अली जीशान अपना कलाम प्रस्तुत करेगें। साथ ही राज्य के कुछ उभरते हुए नौजवान शायरों की भी कार्यक्रम में भाग लेने की संभावना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ शायर शौक अहसनी करेगें तथा मुख्य अतिथि सैयद सैदान शाह (एडिशनल कमिश्नर इन्डस्ट्रीज कामर्स) जयपुर होगें, विशिष्ट अतिथि के रूप में मुफ्ती सैयद सिकन्दर अली, जयुपर शरफ नान पारवी (दिल्ली), वारिस वारसी (उ.प्र.) रहेगें। कार्यक्रम में उर्दू साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए विभिन्न प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया जायेगा।

## दो बाइकों की भिड़ंत में एक महिला सहित तीन घायल, दो रैफर

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** जयपुर कोटा राष्ट्रीय राजमार्ग पर रायल होटल के समीप दो बाइकों में भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में दोनों बाइकों के चालक व एक महिला घायल हो गई। दुर्घटना की सूचना राहगीरों ने 108 एंबुलेंस को दी। घायलों को एंबुलेंस से उप जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। सूचना पर हैड कांस्टेबल देवराज मय जाब्ते उप जिला अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में एक बाईक पर सवार बादाम देवी पत्नी रतनलाल मीणा व छोटू मीणा निवासी बहड़ घायल हो गए। वहीं दूसरी बाइक सवार पीयूष पुत्र हरिराज सिंह निवासी दोडा थाना डबलाना जिला बूंदी घायल हो गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल महिला बादाम देवी व पीयूष को जिला अस्पताल टोंक रैफर कर दिया।

## किसानों का सूअर उठाओ, किसान बचाओ धरना प्रदर्शन कल

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** किसान महापंचायत के तत्वावधान में 7 नवंबर को उपखंड अधिकारी कार्यालय पर किसानों का सूअर उठाओ, किसान बचाओ अभियान के अंतर्गत धरना दिया जाएगा। किसान महापंचायत के महासचिव गोविंद चौधरी ने बताया कि किसान महापंचायत निवाई द्वारा ब्लॉक अध्यक्ष दशरथसिंह पलेई के नेतृत्व में 7 नवंबर को उपखंड अधिकारी कार्यालय के सामने सूअर उठाओ किसान बचाओ धरना किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अतिवृष्टि के कारण किसानों की खरीफ की फसल पूरी तरह से चौपट हो गई है।

## देवली मे श्री गुरु नानक देव जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई

गुरु पर्व पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए

बढ़ता राजस्थान



**देवली (गोविंद सिंह सेठी)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री गुरु नानक देव जी की जयंती के उपलक्ष्य पर यहां कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । गुरु घर के सेवक गोविंद सिंह सेठी ने जानकारी में बताया कि गुरु पर्व गुरु पर्व के अवसर पर समाज के सभी बंधुओ ने बढ़-चढक़र सेवाएं की और पुण्य कमाया जानकारी के अनुसार बुधवार को यहां गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा मे श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया इस अवसर पर प्रतिदिन प्रातः काल प्रभात फेरी निकाली गई। इसी के साथ 11 दिनों तक श्री सुखमणि साहब के पाठों की लडियां महिला संगत द्वारा पढ़ी गई। तो वही इस उपलक्ष पर गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा दरबार में श्री अखंड पाठ रखा गया।जिनकी समाप्ति बुधवार को प्रातः10 बजे अरदास के साथ हुई । तत्पश्चात गुरुद्वारा ग्रंथि त्रिलोक सिंह ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष कीर्तन दरबार सजाया इस मौके पर गुरु घर की महिला संगत ने बढ़ चढक़र हिस्सा लिया। इस दौरान महिला संगत ने भी एक से बढक़र एक गुरु के कीर्तन किये कीर्तन पश्चात गुरुद्वारा ग्रंथि ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष अरदास कर सुख समृद्धि की मनोकामना की। वही ग्रंथी ने मौजूदा साध संगत को श्री गुरु नानक देव जी के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। तत्पश्चात गुरुद्वारे में अटूट लंगर प्रसादी का वितरण शुरू हुआ। जो रात्रि 10:30 बजे तक चलता रहा। रात्रि अटूट लंगर में भी समाज के लोगों ने बढ़ चढक़र सेवाएं करते हुए प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर गुरु के भक्तों ने जमकर जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जय घोष लगाएं जिससे कार्यक्रम भक्ति मय बना रहा । कार्यक्रम को भक्ति म गुरुद्वारा ग्रंथी ने



जानकारी में यह भी बताया कि बुधवार की शाम को युवकों और बच्चों ने जमकर आतिशबाजी इसके बाद रात्रि 11:00 बजे कार्यक्रम की समाप्ति कर दी गई।

## लघु पुष्कर धारानगरी नगरफोर्ट मांडलकला का प्रसिद्ध कार्तिक पूर्णिमा मेला



बढ़ता राजस्थान

**नगरफोर्ट/टोंक (कमलेश गौतम)।** राजस्थान की धरती अपनी आस्था, संस्कृति और परंपराओं के लिए जानी जाती है, और इन्हीं परंपराओं का उज्जवल प्रतीक है लघु पुष्कर धारानगरी नगरफोर्ट *मांडलकला का प्रसिद्ध कार्तिक पूर्णिमा मेला। यह पवित्र नगरी अपने रमणीय धार्मिक स्थलों, प्राचीन मंदिरों और ऐतिहासिक महत्त्व के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ का वातावरण आध्यात्मिकता से ओत-प्रोत है, जहाँ हर वर्ष कार्तिक पूर्णिमा के पावन पर्व पर हजारों श्रद्धालु स्नान एवं दर्शन के लिए आते हैं।*दीपदान की झिलमिल रोशनी जब सरोवर के जल पर प्रतिबिंबित होती है, तो दृश्य मन को अद्भुत शांति एवं भक्ति से भर देता है।मांडव ऋषि की तपोभूमि और राजा मुचकुंद की पवित्र नगरी नगरफोर्ट का यह मेला न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि लोकसंस्कृति और सामाजिक समरसता का भी उत्सव है।

मेले में लोक संगीत, नृत्य, पारंपरिक वेशभूषा, हस्तशिल्प और स्थानीय व्यंजन राजस्थान की जीवंत संस्कृति को साकार करते हैं। श्रद्धालुओं के भजन, आरती की ध्वनि और दीपों की ज्योति जब वातावरण में एकाकार होती है, तो ऐसा प्रतीत होता है मानो सम्पूर्ण सृष्टि भक्ति में लीन हो। यह मेला केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि आस्था, परंपरा और लोक संस्कृति का जीवंत संगम है जो लोगों के हृदयों को जोड़ता है और समाज में एकता एवं सद्भावना का संदेश देता है। मांडव ऋषि ने यहां तपस्या की इसीलिए ये स्थान मांडकला कहलाता हे इस मेले को मांडकला में पशु मेले के रूप में नगर फोर्ट के पहले निर्वाचित सरपंच स्वर्गीय श्री निवास शर्मा ने शुरू किया आज भी मांडकला के इस तालाब में मेंढक नहीं पाए जाते । मेला भराव क्षेत्र में इस बार पानी भरा होने से मेला समय पर चालू नहीं हो पाया ग्राम पंचायत द्वारा लगातार पानी निकासी की जा रही हे ताकि दुकानदार उचित स्थान पर दुकानें लगा सके और मेला समुचित तरीके से चले जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत ने व्यवस्थाओं के सभी टेंडर कर दिए हे।

## नशे में धुत युवकों को बस में बदसलूकी करना पड़ा भारी, महिलाओं ने की जमकर पिटाई

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** लालसोट-कोटा मेगा हाईवे पर मंगलवार शाम एक हैरान करने वाली घटना सामने आई, जब शराब के नशे में धुत तीन युवकों ने चलते रास्ते एक बस को रोककर उसमें सवार यात्रियों से झगड़ा शुरू कर दिया। नशे में चूर युवकों ने बस में घुसकर महिलाओं से बदसलूकी की, जिसका अंजाम उन्हें तुरंत भुगतना पड़ा। गुस्साई महिलाओं और यात्रियों ने मिलकर तीनों की सडक़ पर ही जमकर पिटाई कर दी। जानकारी के मुताबिक, सवाई माधोपुर से लालसोट जा रही एक निजी बस में करीब 35 यात्री सवार थे, जिनमें 8 से 10 महिलाएं भी थीं। बस जब भारजा नदी गांव गेट के पास पहुंची, तभी एक लक्जरी कार में सवार तीन युवक रास्ता रोककर बस में चढ़ गए। उन्होंने ड्राइवर और यात्रियों से गाली-गलौज की और कुछ लोगों से जबरन पैसे मांगने लगे। जब महिलाओं ने इसका विरोध किया तो युवकों ने उनसे भी अभद्रता की।



**मौके पर पहुंची पुलिस :** महिलाओं और यात्रियों ने एकजुट होकर तीनों को पकड़ लिया और उनकी सडक़ पर ही जमकर धुनाई कर दी। इस दौरान राहगीर भी वहां जुट गए। सूचना पर मलारना डूंगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर उनकी कार को मोटर व्हीकल एक्ट 185 के तहत जब्त कर लिया।

**जमानत पर किया गया रिहा :** भाड़ौती चौकी प्रभारी गंभीर सिंह ने बताया कि तीनों युवकों को शराब के नशे में उत्पात मचाने और यात्रियों से बदसलूकी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया, हालांकि बाद में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया।

मिनी पुष्कर मांडकला में आध्यात्मिक जीवन चरित्र चित्र प्रदर्शनी का आयोजन

# परमपिता परमेश्वर की यथार्थ याद से हर परिस्थिति को बदलने की शक्ति मिलती है: गुंजन दीदी

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** नगरफोर्ट में स्थित मांडव ऋषि की तपोभूमि मांडकला में कार्तिक पूर्णिमा महा स्नान के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय शाखा टोंक द्वारा आध्यात्मिक जीवन चरित्र चित्र प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।




श्रद्धालुओं को चित्रों माध्यम से स्वयं तथा परमात्मा की सत्य पहचान के साथ मनुष्य जीवन के श्रेष्ठ लक्ष्य को बताया गया। काल चक्र को समझाते हुए वर्तमान समय का महत्व बताया तथा मनुष्य जीवन के उत्थान एवं पतन की कहानी को सीढ़ी के चित्र द्वारा समझाया गया, वहीं राजयोग मेडिटेशन द्वारा आत्म अनुभूति कराई गई। इस मौके पर राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी गुंजन दीदी ने कहा कि हम यह शरीर नहीं शरीर को चलने वाली चैतन्य शक्ति है, जिसे आत्मा कहा जाता है, यही हमारी सत्य पहचान है, इस सत्य पहचान से ही हम परमपिता परमेश्वर को यथार्थ रीति से याद कर सकते हैं। इस याद को ही राजयोग कहा जाता है, जिससे हमें न सिर्फ समस्या का समाधान मिलता है, बल्कि हर परिस्थिति को बदलने की शक्ति भी मिलती है। वहीं संस्थान के जिला संयोजक राजयोगी बीके प्रहलाद भाई ने कहा कि ज्ञान स्नान से आत्मा पावन बनती है। मनोविकारों ने आत्मा को पतित बना दिया है, इसीलिए वर्तमान समय ज्ञान मानसरोवर में डुबकी लगाकर स्वयं को पतित से पावन बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक ज्ञान से ही हमें पुण्य कर्म करने की शिक्षा मिलती है तो वही परमपिता परमेश्वर को याद करने का सहज आधार है, राजयोग मेडिटेशन जिसके द्वारा विक्रम विनाश किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पुण्य कर्म ही हमारे जीवन को चरित्रवान मूल्यवान बनाते है। इस मौके पर बीके पांचू भाई, बीके रामलाल भाई, बीके मदन भाई, बीके विनोद भाई, सुमित्रा बहन, बीना बहन ने श्रद्धालुओं को अपना अनुभव सुनाते हुए आध्यात्मिक ज्ञान को जीवन में धारण कर खुशहाल जीवन के लिए प्रोत्साहित किया।

# सांसद डॉक्टर रावत का 7 नवंबर को खेरवाड़ा में होगा नागरिक अभिनंदन

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( नि.स. )।** उदयपुर सांसद डॉ मन्नालाल रावत का संयुक्त व्यापार महासंघ खेरवाड़ा द्वारा 7 नवंबर शुक्रवार को नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। व्यापार महासंघ अध्यक्ष अमित कलाल एवं संरक्षक पारस जैन ने बताया कि डॉक्टर रावत के अथक प्रयासों से खेरवाड़ा कस्बे की लंबे समय से चल रही मांग, राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर 48 पर एलिवेटेड रोड बनाने की थी, जो पूर्ण हुई। इस हेतु महासंघ द्वारा डॉक्टर रावत के नागरिक अभिनंदन करने का निर्णय लिया गया है। कलाल व जैन ने बताया कि 7 नवंबर को सायं 7 बजे नए बस स्टैंड परिसर में आयोजित एक भव्य नागरिक अभिनंदन समारोह में जनजाति विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, भाजपा देहात जिला अध्यक्ष पुष्कर तेली, पूर्व सांसद अर्जुन लाल मीणा, पूर्व विधायक नानालाल अहारी आदि अतिथियों की उपस्थिति में समारोह संपन्न होगा। उल्लेखनीय है कि खेरवाड़ा कस्बे के मध्य से गुजर रहे राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर 48 पर एलिवेटेड रोड बनाने की स्वीकृति हाल ही में 30 अक्टूबर को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा जारी की गई है तथा इस हेतु 361 करोड़ की निविदा भी जारी हो चुकी है।

# आबकारी विभाग का विशेष अभियान

## प्रदेश में अवैध मदिरा की रोकथाम - वॉश एवं कच्ची भट्टियां नष्ट की



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोकथाम के लिए जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत नाकाबंदी, गश्त, रेड की प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसके तहत प्रदेश में जयपुर, भरतपुर, हनुमानगढ, श्रीगंगानगर, उदयपुर सहित विभिन्न जिलों में कार्यवाही कर अभियोग दर्ज किए गए। आबकारी आयुक्त के निर्देशानुसार अतिरिक्त आबकारी आयुक्त प्रशासन ओपी जैन एवं अतिरिक्त आबकारी आयुक्त प्रदीप सिंह सांगावत के सुपरविजन में जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत जीरो टोलरेंस की नीति अपनाते हुए अन्य राज्य की शराब की तस्करी, अवैध मदिरा के परिवहन व विक्रय पर आबकारी निरोधक टीमों द्वारा मुस्तैदी से प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। जयपुर के आबकारी थाना क्षेत्र चाकसू के गांव त्डोडिया चोड, कानोता, हीरावाला, राम रतनपुरा, जयचंदपुरा में दबिश की कार्रवाई कर 1300 लीटर वॉश एवं 2 भट्टियां नष्ट की गई। भरतपुर के ग्राम कुरकैन, अतवी, अलघानी, डमोडकी, बनेनी, सीकरी में 69 लीटर हथकड़ शराब जब्त करते हुए 5 हजार लीटर वॉश एवं 5 भट्टियां नष्ट कर 3 अभियोग दर्ज किए गए। हनुमानगढ के गांव गंगागढ देबू के गंगाघाट पर दबिश देकर 5 हजार लीटर वॉश सहित 6 कच्ची भट्टियां नष्ट की गई। श्रीगंगानगर में ग्राम 500 एलएनपी शिवपुर हेड खाट लबाना में 300 लीटर वॉश व 2 कच्ची भट्टियां नष्ट की गई मौके से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

# श्री गुरुनानक देव जी के 556 वे प्रकाश उत्सव पर श्री गुरु ग्रंथ साहब के अखंड पाठ और कीर्तन दरबार का किया गया आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** डीग के श्री गुरुद्वारा साहिब में प्रथम सिख गुरु, गुरु नानक देव जी का 556वां प्रकाश उत्सव श्री गुरु द्वारा प्रबंधक कमेटी और पंजाबी समाज सेवा समिति के संयुक्त तत्वाधान में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। 3 नवंबर को आरंभ हुए श्री गुरुग्रंथ साहिब के अखंड पाठ का समापन आज प्रातः कीर्तन दरबार, अरदास, प्रसाद एवं अल्पाहार के साथ हुआ। बुधवार की शाम गुरुपर्व के अवसर पर गुरु के अटूट लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर गुरु का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर पंजाबी खत्री सभा के जिला अध्यक्ष जीके लूथरा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु नानक देव जी ने समाज में समानता, प्रेम, सेवा और सत्य के मार्ग का संदेश दिया। कार्यक्रम में गुरुचरण लूथरा, मनीष सेठी, प्रवीण बबेजा, विपिन बुद्धराजा, अंकित जग्गी, मोनू अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

# चार साल से फरार स्थायी वारंटी मुकेश मीणा गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( नि.स. ) ।** चार वर्षों से धारा 299 जा. फौ. के तहत फरार चल रहे स्थायी वारंटी मुकेश मीणा को प्रागपुरा पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। यह कार्रवाई पुलिस की सटीक जानकारी और अथक प्रयासों का परिणाम रही। जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार विश्नोई ने जानकारी देते हुए बताया कि महानिरीक्षक पुलिस जयपुर रेंज, जयपुर के निर्देशानुसार वांछित अपराधियों की धरपकड़ एवं लंबित मामलों में ठोस कार्रवाई के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया था। इस अभियान को प्रभावी बनाने के लिए एएसपी वैभव शर्मा के निर्देशन और डीएसपी शिप्रा राजावत के सुपरविजन में प्रागपुरा थानाधिकारी कश्मीर सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। थानाधिकारी कश्मीर सिंह ने बताया कि टीम ने लगातार प्रयास करते हुए सूचना संकलन, निगरानी एवं तकनीकी विश्लेषण के माध्यम से फरार आरोपी मुकेश मीणा (38) पुत्र गोकुल मीणा, निवासी चुड़ला, थाना अजीतगढ़, जिला सीकर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। आरोपी पिछले चार वर्षों से फरार चल रहा था और पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था।

# आतिशबाजी के बीच इनका बर्थ डे बन जाता किसी का डेथ डे

## फोरलेन पर चली जानलेवा पार्टी को अनदेखा कर गई पुलिस

### ज्वलनशील पदार्थों से भरे टैंकर गुजरने वाले स्पॉट पर पार्टी

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** फोरलेन स्थित सारणेश्वर पुलिया के समीप मंगलवार रात बर्थ डे पार्टी मनाई गई। इस स्पॉट से ज्वलनशील पदार्थों से भरे टैंकर एक के बाद एक गुजरते रहे, लेकिन बर्थ डे पार्टी को कोई फर्क नहीं पड़ा। इनकी बर्थडे पार्टी किसी के लिए डेथ डे भी बन सकती थी, लेकिन किसी को परवाह नहीं थी। हद तो तब हो गई जब पुलिस वाहन भी यहां से गुजरा। कुछ देर रूका और पार्टी में शामिल एक युवक से कुछ बात कर चले गए। पार्टी करीब पौन घंटे तक बदस्तूर चलती रही। बर्थडे पार्टी के दौरान जमकर आतिशबाजी और लाइटिंग की गई।

**इस स्पॉट पर पहले भी हो चुकी है पार्टी**

कुछ माह पहले इसी स्पॉट पर कुछ युवकों ने बर्थ डे सेलेब्रेशन किया था। उस समय भी युवाओं ने अपने वाहनों पर खड़े रहकर आतिशबाजी की थी। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने इनकी पहचान की तथा इन पर कार्रवाई की। उस समय युवाओं ने ही मस्ती में वीडियो लिया था और सोशल मीडिया पर वायरल किया था।

**कार की डिक्की में सेलेब्रेशन की तैयारी**

फोरलेन पर मंगलवार रात हुए इस घटनाक्रम के दौरान दो वाहन खड़े दिखे। वीडियो में स्पष्ट है कि एक कार की डिक्की में बर्थ डे सेलेब्रेशन का पूरा साजो सामान रखा हुआ है। मानों वे लोग पूरी तैयारी से आए थे। इस दौरान गन से आतिशबाजी की जाती रही। लाइटिंग के भी पूरे प्रबंध किए गए। पार्टी इसी वाहन के आसपास चलती रही। दूसरा वाहन कुछ आगे खड़ा रहा।




सिरोही में फोरलेन पर बर्थ डे सेलेब्रेशन करते युवा।

**जिम्मेदारों की कार्यशैली पर खड़े हो रहे सवाल**

अब सवाल यह कि कुछ माह पहले हुई पार्टी का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की थी, लेकिन यहां तो पुलिस खुद आकर गई। इसके बाद भी न तो पार्टी रोकी गई और न किसी ने कार्रवाई की। इसे पार्टी करने वाले युवाओं का रसूख ही कहा जाएगा कि पुलिस भी इनको अनदेखा कर चली गई। हाईवे पर बढ़ रहे हादसों के बीच जहां राज्य सरकार ने सघन निरीक्षण व जांच के आदेश जारी किए हैं, वहीं सिरोही में इस तरह की पार्टी को अनदेखा कर जाना जिम्मेदारों की कार्यशैली पर सवाल खड़े करती है।

# राज्यमंत्री ने राष्ट्र सेवा में तत्पर रहने का किया आह्वान

## शिवगंज में राज्यमंत्री के नेतृत्व में यूनिटी मार्च



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में बुधवार को शिवगंज में यूनिटी मार्च पदयात्रा निकाली गई। राज्य मंत्री ओटाराम देवासी का सान्निध्य रहा। पदयात्रा पैवेलियन ग्राउंड से प्रारंभ होकर पोस्ट ऑफिस चौराहा, नया बस स्टैंड, क्रांति सर्किल, पुरानी नगर पालिका, गोल बिल्डिंग, गोकुलवाड़ी पार्क, हीरागरवाड़ी होते हुए वापस ग्राउंड तक पहुंची। पदयात्रा में प्रतिभागी हाथों में तिरंगा व नारे लिखी तख्तियां लेकर चलते रहे। कार्यक्रम में राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने सरदार पटेल की जीवनी व उनके कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने सरदार पटेल की जीवनी से प्रेरणा लेने की बात कही। शांति और एकता का संदेश देते हुए राष्ट्र सेवा में सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया। राज्यमंत्री ने राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। उन्होंने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा में स्वयं को समर्पित करने का संकल्प दिलाया। पदयात्रा के दौरान जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने शहीद भंवरसिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। ज्योतिबा फूले, महात्मा गांधी व बाबा साहेब के स्मारकों पर भी माल्यार्पण किया गया।

**स्वदेशी अपनाने की बात कही**

कार्यक्रम के दौरान सांसद लुम्बाराम चौधरी ने स्वदेशी अपनाने और आत्मनिर्भर भारत बनाने में अपना सहयोग देने की बात कही। जिला कलक्टर अल्पा चौधरी, जिला युवा अधिकारी राजेन्द्र जाखड़ आदि ने विचार व्यक्त किए। छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। इस दौरान एडीएम राजेश गोयल, सीईओ प्रकाशचंद अग्रवाल, उपखंड अधिकारी नीरज मिश्र, तहसीलदार आशुराम समेत कई लोग मौजूद रहे।

# दीपावली स्नेह मिलन में झलकी सामाजिक एकता

## ब्राह्मण महासभा ने किया प्रतिभाओं का सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** तहसील ब्राह्मण महासभा एवं नगर ब्राह्मण महासभा के संयुक्त तत्वावधान में दीपावली स्नेह मिलन समारोह बड़े ही हर्षोल्लास, सामाजिक एकता और पारिवारिक सौहार्द के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ संत शिरोमणि श्री मंगल दास जी महाराज के सान्निध्य में भगवान परशुराम की प्रतिमा के समक्ष मंत्रोच्चार एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

समारोह की अध्यक्षता भगवान परशुराम की प्रतिमा के प्रतीकात्मक सान्निध्य में की गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुभाष चंद्र शर्मा, पवन कुमार शर्मा (जवानपुरा), सोहनलाल पंडित, द्वाराकेश शास्त्री, कैलाश शर्मा, योगेश शर्मा, गजानन बोहरा, ललित कुमार शर्मा, विराटनगर अध्यक्ष शंकरदत्त शर्मा, डॉ. वैभव शर्मा (शाहपुरा), अशोक शर्मा (मंढा), पूर्व पावटा नगर अध्यक्ष सुरेश नयावासी, सुरेश हल्कारा, विकास शर्मा, जितेंद्र शर्मा, बजरंगलाल शर्मा, विष्णु एडवोकेट, दीपक शर्मा, घनश्याम शर्मा, गजानंद टीलावत सहित अनेक गणमान्यजन मौजूद रहे। समाज के आय-व्यय का विस्तृत ब्यौरा धीरज वशिष्ठ द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात कार्यक्रम में भामाशाहों और समाज के प्रतिभावानों का सम्मान किया गया। ब्राह्मण समाज की प्रतिभा संजना शर्मा एवं आदित्य शर्मा के आरएएस में चयन पर तथा अरविंद शर्मा एवं अविनाश शर्मा के एएसआई पद पर पदोन्नति पर उन्हें सम्मान पत्र एवं भगवान परशुराम का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में तहसील ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष राजेश शर्मा ने सभी अतिथियों, गणमान्य व्यक्तियों एवं समाजबंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# श्री शत्रुंजय महातीर्थ की भाव यात्रा का हुआ भव्य आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** सूरजपोल दादाबाड़ी स्थित वासूपूज्य मंदिर में पंचान्हिका महोत्सव के चैथे दिन मंगलवार को साध्वीवीरलप्रभाश्री म.सा.,साध्वी विपुल प्रभाश्री म.सा एवं साध्वी कृतार्थ प्रभाश्री म.सा. की निश्रा में श्री शत्रुंजय महातीर्थ की भाव यात्रा का भव्य आयोजन पूर्ण भक्ति भाव के साथ हुआ। इसके साथ ही दादा गुरु का महा पूजन कर उनकी खूब भक्ति भाव के साथ वन्दना की एवं सामूहिक प्रार्थना हुई। अध्यक्ष राज लोढ़ा एवं सचिव दलपत दोशी ने बताया कि बुधवार प्रातः शत्रुंजय भाव यात्रा एवं चातुर्मास परिवर्तन का भव्य आयोजन हुआ। इस दौरान श्रावक श्राविकाओं ने सामूहिक संगीमयी भक्ति आराधना की और खूब भक्ति में खूब भजन गाए।

# गाँव की थीम पर नव्या माहेश्वरी क्लब द्वारा रंगारंग कार्यक्रम आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** नव्या माहेश्वरी क्लब द्वारा सदस्यों के लिए गाँव की थीम पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें चारों ओर नव्या पुर रंगों की बहार दिखाई दी। क्लब की अध्यक्षा किरण अजमेरा ने बताया कि कार्यक्रम में सभी महिलाएँ विभिन्न गाँवों की गोरीयों के पारंपरिक परिधानों में सजी-धजी नजर आईं और मंच पर एक से बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में चारपाईगढ़ समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस विजेता समूह में सारिका छापरवाल, मीनाक्षी गग्गर, अर्चा सोमानी और चंदा पलोड़ शामिल थीं। गाँव के गानों और पारंपरिक लोकनृत्यों के माहौल में सभी गाँव की गोरीयों ने खूब धूम मचाई और कार्यक्रम में उत्साह का संचार किया। कार्यक्रम का संचालन प्रभा काबरा, रेखा मोदी, अनीता मुंदड़ा, चैताली मुंदड़ा और प्रिया गुप्ता ने कुशलता से किया। इस अवसर पर अंकिता मंत्री, चित्रा, पलक, निधि, आयुषी, अंजली, स्वाति सहित अनेक सदस्याएँ उपस्थित रहीं और कार्यक्रम का आनंद उठाया।

# प्रमोशन से पालिका परिषद बन गई पर ये डिमोशन कर रहे

## सार्वजनिक निर्माण विभाग ने साइन बोर्ड पर लिखा 'पालिका'

### मुख्यमंत्री बजट घोषणा के कार्य पर लगा है साइन बोर्ड




बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** शहर की नगर पालिका को नगर परिषद में अपग्रेड किए सालों बीत गए, लेकिन सरकारी तंत्र इससे अनभिज्ञ ही है। जिला मुख्यालय के अफसर शायद इस बदलाव को जान नहीं पाए हैं। पालिका प्रमोशन होकर परिषद बन गई, लेकिन अफसर इसका डिमोशन कर रहे हैं। चौंकना लाजिमी पर हकीकत यही है। शहर के अमरनगर में एक सड़क की मरम्मत के बाद लगाया गया साइन बोर्ड यही दर्शा रहा है। मुख्यमंत्री बजट घोषणा के तहत हुए इस कार्य के बाद यहां जानकारी दर्शाने वाला साइन बोर्ड लगाया गया है। इस पर नगर पालिका सिरोही लिखा हुआ है। कार्यकारी एजेंसी सार्वजनिक निर्माण विभाग है।

**बगैर मॉनिटरिंग कार्यों की दुर्दशा**

हालांकि सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से कई जगहों पर साइन बोर्ड लगे हैं, लेकिन उन पर पालिका का उल्लेख नहीं है। इस बोर्ड पर ऐसा क्यों हुआ यह तो पता नहीं, लेकिन इतना तय है कि जिम्मेदारों ने यदि मॉनिटरिंग रखी होती तो यह नजर में भी आता। बगैर मॉनिटरिंग चल रहे कार्यों की दुर्दशा इस साइन बोर्ड से देख सकते हैं।

**इसलिए किया गया था अपग्रेड**

उल्लेखनीय है कि नगर परिषद, नगर पालिका से एक उच्च श्रेणी है और इसके पास अधिक शक्तियां और जिम्मेदारियां होती हैं। नगर परिषद अधिक क्षेत्रों को कवर करती है और अधिक विकास परियोजनाओं को संभाल सकती है। जिला मुख्यालयों की पालिकाओं में शहरी विकास को बढ़ावा देने के लिहाज से अपग्रेड किया गया था।

# गुरु नानक जयंती पर रेहरास साहिब पथ आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर दृष्टि ने गुरु नानक जयंती के उपलक्ष में छाबड़ा निवास पर रहरास साहिब का पथ करवाया। संरक्षक डॉ. स्वीटी छाबड़ा ने बताया कि कार्यक्रम में अध्यक्ष विक्रमादित्य सिंह कृष्णावत, सचिव मोहित राजानी, वैशाली मोटवानी (सार्जेंट एट आर्म्स) सहित अनेक सदस्य मौजूद थे।

# एक रूपया, एक नारियल और अनमोल संदेश: टोरड़ा गुजरान में मनिंद्र-रीना ने रचा बिना दहेज विवाह का इतिहास

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( नि.स. ) ।** समाज में जहाँ आज भी दहेज जैसी कुप्रथा के कारण बेटियाँ और उनके परिवार मानसिक, सामाजिक व आर्थिक उत्पीड़न का शिकार बन रहे हैं, वहीं कुछ संवेदनशील युवाओं की सोच इस अंधकार में नई रोशनी बनकर उभर रही है। ऐसी ही प्रेरणादायक मिसाल पावटा ब्लॉक के ग्राम टोरड़ा गुजरान में देखने को मिली, जहाँ जयपुर जिले के शाहपुरा निवासी बलदेव नैनावत अपने पुत्र मनिंद्र नैनावत की बारात लेकर पहुँचे। मनिंद्र का विवाह एम.ए. बी.एड शिक्षित, संस्कारी एवं आत्मनिर्भर युवती रीना से सम्पन्न हुआ। रीना ने विवाह से पूर्व ही मनिंद्र की बिना दहेज की सोच का पूरा समर्थन किया और समाज के सामने यह संदेश दिया कि विवाह प्रेम, सम्मान और समानता का बंधन है, न कि लेन-देन का सौदा। विदाई के समय जब वधु पक्ष द्वारा हजारों रूपये की नगद राशी की पेशकश की गई, तब वर पक्ष ने इसे विनम्रतापूर्वक अस्वीकार करते हुए केवल एक रूपया और नारियल ही स्वीकार किया। यह क्षण विवाह समारोह में उपस्थित लोगों के लिए अत्यंत प्रेरक बन गया। मनिंद्र नैनावत, जो वर्तमान में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं, एक सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता भी हैं। उन्होंने कहा दहेज एक ऐसी कुप्रथा है जो रिश्तों की पवित्रता को कलंकित करती है। बेटियाँ आज हर क्षेत्र में आगे हैं, उनसे बड़ा कोई धन नहीं। वधु रीना ने भी कहा कि इस विवाह के माध्यम से वह समाज को यह बताना चाहती हैं कि यदि हर बेटी और बेटा मिलकर ठान लें, तो दहेज जैसी कुप्रथाएँ स्वयं समाप्त हो जाएँगी। मनिंद्र की इस अनोखी पहल ने गाँव और आस-पास के क्षेत्र में एक नई चेतना जगा दी। उनके सामाजिक और सौम्य व्यवहार के कारण विवाह समारोह में लगभग 5000 लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# आने वाले युग में खेती शहरो के घरों की छत व दीवारों पर, जमीन के छोटे टुकड़ों पर बहु मंजिला खेती होगी संभव

बढ़ता राजस्थान



भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)। देश में कृषि के क्षेत्र में नये युग की शुरुआत हो रही है। भारत सरकार के नीति आयोग ने नई कृषि क्रांति के लिए रोडमेप तैयार किया है। इसमें खेती करने के लिए जमीन की जरुरत घटेगी तथा उसका स्थान उच्च तकनीकी लेगी। यह कहना कृषि महाविद्यालय भुसावर के डीन डॉ. उदय भान सिंह का। डॉक्टर सिंह ने बताया कि अब तक खेती ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों का धंधा माना जाता था, आने वाले युग में खेती शहरो के घरों की छत व दीवारों पर, जमीन के छोटे टुकडे पर बहुमंजिला खेती व पॉलीहाउस खेती पूंजीपतियों द्वारा की जा सकेगी। खेती शारीरिक श्रम साध्य धंधा है लेकिन अब कृत्रिम बुद्धिमता द्वारा खेती रोबोट, ऑटोमेटिक सिचाई व फर्टीगेशन, ड्रोन द्वारा कीट एवं बीमारी नियंत्रण हेतु आवश्यक छिडकाव फसल कटाई आदि सब कुछ मशीन द्वारा किया जा जाएगा। हाइड्रोपोनिक्स व एरोपोनिक्स खेती आम हो जियेगी यानि हवा व पानी में भी खेती की जा सकेगी । डॉ. उदय भान सिंह ने बताया कि आधुनिक कृषि के लिए उच्च तकनीकी प्रशिक्षित युवाओं की जरुरत होगी तथा कृषि एक लाभकारी धंधा होगा। इस खेती से उत्पन्न खाद्य पदार्थ उच्च गुणवत्ता पूर्ण होंगे तथा उनका पोषक मूल्य मानव की आवश्यकता के अनुरूप होगा। इसमें रोजगार की अपार संभावनायें हैं, अतः युवाओं को आगे आना चाहिए ।

## खाद के लिये चल रही मारा मारी निंबाहेड़ा के बिनोता में यूरिया उर्वरक की भारी किल्लत से किसान परेशान



बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।** निम्बाहेड़ा तहसील के बिनोता गाँव मे रबी फसल खेतों में खड़ी होने के बावजूद खाद उपलब्ध न होने से किसानों के सामने संकट खड़ा हो गया है। बिनोता सहकारी समिति पर खाद मिलने की सूचना पर किसान सुबह से ही लंबी कतारों में खड़े हो गए जिनमें महिलाएं भी कतार में मौजूद थी । खाद वितरण के दौरान धक्का-मुक्की की स्थिति भी बन गई जिससे पुलिस जाप्ते की मौजूदगी में खाद वितरण कराया गया । सहकारी समिति बिनोता पर प्रति किसान केवल 2 बोरी का वितरण किया गया। सहकारी समिति पर मांग के मुकाबले बहुत कम यूरिया उर्वरक पहुंचा है, जिससे किसानों में रोष है।

खाद न मिलने से नाराज किसानों की परेशानी को देखते हुए सहकारी समिति बिनोता के पूर्व अध्यक्ष मांगीलाल भीमावत ने उपखण्ड अधिकारी को पत्र लिखकर रबी फसल की बुवाई के लिए पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने की मांग की। किसानों का कहना है कि यूरिया नहीं मिलने के कारण फसलों की उपज प्रभावित होगी । समिति के पूर्व अध्यक्ष मांगीलाल भीमावत ने बताया कि किसान बहुत परेशान हैं, क्योंकि समिति पर मांग के मुकाबले बहुत कम खाद आई है। उन्होंने कहा कि खाद की हो रही किल्लत एवं खाद वितरण के केंद्र बढ़ा कर किसानों को राहत प्रदान की जाए ।

## नगर परिषद आयुक्त को सफाई मजदूरों की मांगों को लेकर 8 सूत्रीय मांग पत्र दिया



बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।** अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस निंबाहेड़ा का प्रतिनिधि मंडल नगर परिषद आयुक्त कौशल कुमार खटुंमरा से मिला एवं सफाई मजदूर की मांगों को लेकर 8 सूत्रीय मांग पत्र पेश किया! मांग पत्र में सफाई कर्मचारियों की पदोन्नति, आवासीय भूखंड आवंटन कराना, बरसात एवं सर्दी के बचाव हेतु वर्दी दिलवाना, अंबा माता में बाल्मीकि भवन निर्माण करवाना, बापू बस्ती में बाबा रामदेव मंदिर पर गुंबज एवं छतरी का निर्माण करवाना, कर्मचारी कॉलोनी में बाबा रामदेव मंदिर का जिणोद्वार करवाना, अंबेडकर बस स्टैंड पर बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की पुरानी प्रतिमा को हटाकरअष्टधातु की नई प्रतिमा स्थापित की जाने एवं चडने उतरने के लिए दोनों साईडो पर सीडीयो का निर्माण करवाया जाए, सफाई मजदूर भर्ती में स्थानीय वाल्मीकि समाज के लोगों को प्राथमिकता दी जाए एवं जाति प्रमाण पत्र के आधार पर भरती की जाए, अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस कार्यालय का रंग और रोगन कार्य करवाए जाने आदि की मांगों को लेकर अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस नगर अध्यक्ष किशन कोटियाना,, पप्पू सिंगोलिया बालकिशन नरवाले भेरूलाल नरवाले दिलीप राठौड़ यशवंत राठोर बबलू घोडाल, भारत छपरीबँद आदि उपस्थित थे।

## गुरुनानक देव जी के बताए मार्ग पर चलकर सत्य और सेवा को जीवन में आत्मसात करे - विधायक कोठारी



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाडा, (अमित शर्मा) ।** शहर विधायक अशोक कोठारी ने आज आमजन से आह्वान किया कि वे गुरुनानक देव जी द्वारा बताए मार्ग पर चलकर सत्य और सेवा को जीवन में आत्मसात करें। विधायक कोठारी बुधवार सवेरे सिंधुनगर स्थित गुरुद्वारा प्रांगण में गुरुनानक देव जी के 556 वें प्रकाश पर्व पर माथाटेक आशीर्वाद प्राप्त कर कीर्तन व संगत में धर्म लाभ लेने के बाद उपस्थित जनसमुदाय से बात कर रहे थे। उन्होंने उपस्थित सिख समुदाय को प्रकाश पर्व की भावों के साथ बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुरुनानक देव जी ने अपने जीवन में सत्संग और सेवा के मूल्यों को महत्व दिया। उन्होंने बताया कि गुरु नानक देव जी ने 14 वर्षों तक संपूर्ण भारत में 28 हजार किलोमीटर की यात्रा कर जन-जन तक मानवता का संदेश दिया। विधायक कोठारी ने कहा कि गुरुनानक देव जी ने बताया कि हमारा जीवन सुंदर और श्रेष्ठ हो, और हम हमेशा सत्य, धर्म और न्याय के मार्ग पर चलें। हमारे भीतर प्रेम, करुणा और मित्रता के भाव होने चाहिए। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि सत्य और ईमानदारी से उपार्जित धन का कुछ अंश प्रभु सेवा में लगाना चाहिए, क्योंकि सेवा ही मनुष्य को परमात्मा से मिलाती है। समारोह में गुरुद्वारा गुरु नानक सभा सिंधुनगर प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष इंद्रपाल सोनी व कमेटी के सदस्यों ने विधायक अशोक कोठारी सहित सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर मनोज जी भाई साहब, विवेक निमावत (शिक्षा विद), बाबूलाल टाक, सत्यनारायण गूगड, कमल कोठारी, दिनेश सुथार, करण सिंह आदि भी साथ थे।

## मतदाता सूची अद्यतन में लाएं तेजी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी दिव्यांश सिंह ने दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी



दिव्यांश सिंह ने बुधवार को विभिन्न सेक्टरों का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने सेक्टर सुपरवाइजर्स को मतदाता सूची अद्यतन कार्य में तेजी एवं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। श्री सिंह ने भिन्न-भिन्न सेक्टरों में तैनात बूथ लेवल अधिकारियों से परिगणना प्रपत्रों की प्रगति, मतदाता डेटा संकलन एवं मैपिंग कार्य की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी बी.एल.ओ. घर-घर जाकर मतदाताओं का डेटा संकलन, परिगणना प्रपत्रों की पूर्ति एवं मैपिंग कार्य को निर्धारित समयसीमा में सुचारू रूप से पूर्ण करें।

### परिवहन, पुलिस, एनएचएआई, पीडब्ल्यूडी, चिकित्सा, नगर निगम एवं शिक्षा विभाग की संयुक्त भागीदारी सुनिश्चित

# विशेष संयुक्त जांच अभियान 18 नवम्बर तक, जिला कलक्टर ने दिए सख्त निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** बढ़ती सडक़ दुर्घटनाओं पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से राज्य सरकार के निर्देशानुसार 4 नवम्बर से 18 नवम्बर 2025 तक जिले में विशेष संयुक्त जांच अभियान चलाया जा रहा है। जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने इस संबंध में परिवहन, पुलिस, एनएचएआई, पीडब्ल्यूडी, चिकित्सा, नगर निगम, नगर विकास न्यास तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सडक़ सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना और यातायात नियमों की सख्त अनुपालना सुनिश्चित करना सभी विभागों की सामूहिक जिम्मेदारी है। यह अभियान मुख्यमंत्री, शासन सचिव (परिवहन एवं सडक़ सुरक्षा) तथा पुलिस महानिदेशक, राजस्थान के निर्देशों की अनुपालना में आयोजित किया जा रहा है। अभियान के दौरान परिवहन विभाग बिना वैध दस्तावेज वाले, ओवरलोड, ओवरक्राउडेड या अवैध रूप से चल रहे वाहनों पर कार्रवाई करेगा तथा बसों की फिटनेस व सुरक्षा मानकों की जांच करेगा। एनएचएआई राष्ट्रीय राजमार्गों पर लेन अनुशासन सुनिश्चित करने, अवैध कट बंद करने, ब्लैक स्पॉट्स सुधारने और सडक़ों की मरम्मत का कार्य करेगा। यातायात पुलिस बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, तेज गति, मोबाइल पर बात करने या ट्रैफिक लाइट उल्लंघन जैसे मामलों में सख्त चालान कार्रवाई करेगी। पीडब्ल्यूडी विभाग क्षतिग्रस्त सडक़ों की मरम्मत, गलत स्पीड ब्रेकरों के सुधार और रोड सेफ्टी ऑडिट का कार्य करेगा। चिकित्सा विभाग अस्पतालों और ट्रॉमा सेंटरों में आपात सेवाएं सुनिश्चित करेगा तथा चालकों के लिए नेत्र जांच शिविर लगाएगा। नगर निगम और नगर विकास न्यास सडक़ मरम्मत, झाडियां कटाने और स्पीड ब्रेकर दुरुस्ती का कार्य करेंगे। शिक्षा विभाग विद्यालयों में विद्यार्थियों को सडक़ सुरक्षा व यातायात नियमों के प्रति जागरूक करेगा। जिला कलक्टर ने कहा कि सभी विभाग समन्वय बनाकर अभियान को प्रभावी बनाएंगे और आमजन में सडक़ सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करेंगे।

# नहीं थम रहा शहर में तिरंगे का अपमान नगर परिषद में लापरवाही बरकरार







बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।** नगर परिषद निंबाहेड़ा में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का अपमान थमने का नाम नहीं ले रहा है। सरकारी इमारतों से लेकर कई सरकारी कर्मचारियों के घरों तक, तिरंगे के प्रति लापरवाही और अपमानजनक व्यवहार लगातार जारी है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि बार-बार शिकायतों और मीडिया में खबरें प्रकाशित होने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। वंडर टाउन हॉल पार्क में तिरंगा अभियान की शुरुआत बड़े उत्साह के साथ की गई थी। उस दौरान पार्क की दीवारों और ट्री गार्ड्स पर तिरंगे लगाए गए थे, लेकिन कार्यक्रम के बाद उनकी कोई सुध नहीं ली गई। अब वही तिरंगे दीवारों की साइड, पेड़ों की जालियों और कचरे के ढेरों में पड़े हुए दिखाई दे रहे हैं। महीनों बीत जाने और कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के कार्यक्रम टाउन हॉल में आयोजित होने के बावजूद भी किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। यह लापरवाही प्रशासन की संवेदनहीनता को उजागर करती है। सवाल यह उठता है कि आखिर ऐसे कर्मचारियों पर कार्रवाई करने में देरी क्यों हो रही है और किसकी शह पर यह लापरवाही जारी है। तिरंगे का सम्मान देश के हर नागरिक का कर्तव्य है, और इस तरह के मामलों में तुरंत कानूनी कार्यवाही होना आवश्यक है। यदि जल्द ही जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो यह अपमानजनक स्थिति आगे भी बनी रह सकती है।

## राजस्थान गौरव कवि और साहित्यकार योगेन्द्र शर्मा को मिला प्रतिष्ठित शब्दगंगा महाशिखर सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाडा, (अमित शर्मा) ।** राजस्थान की साहित्यिक धरा ने एक बार फिर राष्ट्रीय मंच पर अपना परचम फहराया है। शाहपुरा मूल के वर्तमान में भीलवाड़ा निवासरत सुप्रसिद्ध कवि और साहित्यकार योगेन्द्र शर्मा को उत्तर प्रदेश के उन्नाव में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में प्रतिष्ठित शब्दगंगा महाशिखर सम्मान से अलंकृत किया गया। यह सम्मान उन्हें उनकी मौलिक छंदबद्ध रचनाओं और साहित्यिक जगत में किए गए उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि उन्नाव जैसे ऐतिहासिक और साहित्यिक नगर में पहली बार राजस्थान के किसी कवि को यह सम्मान प्रदान किया गया है, जो प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। प्रख्यात महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की पावन भूमि उन्नाव में शब्दगंगा शुद्धि अभियान संस्थान द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय साहित्यिक समारोह में देशभर के जाने-माने कवि और साहित्यकार शामिल हुए। इस अवसर पर आयोजित बीसवें अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के रूप में रहे विधायक आशुतोष शुक्ल, उत्तर प्रदेश पुलिस के डीजीपी राजीव दीक्षित तथा संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट विनय दीक्षित 'आशु' ने कवि योगेन्द्र शर्मा को सम्मानित किया। सम्मान स्वरूप उन्हें शॉल, प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह तथा मानद उपाधि प्रदान की गई। सम्मान ग्रहण करते हुए भावुक हुए कवि योगेन्द्र शर्मा ने अपने काव्य गुरु स्मृतिशेष डॉ. युगलकिशोर सुरोलिया को यह उपलब्धि समर्पित की। उन्होंने कहा कि यदि मेरे आदरणीय गुरुदेव का मार्गदर्शन और साहित्य साधना की प्रेरणा न होती तो मौलिक छंदबद्ध साहित्य की इस साधना में आज यह सम्मान प्राप्त कर पाना संभव नहीं था।

### सडक़ दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं जन-जागरूकता को लेकर पुलिस, परिवहन व प्रशासन सक्रिय

# चित्तौडग़ढ़ जिले में15 दिवसीय सडक़ सुरक्षा अभियान प्रारंभ

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़, (नि.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार सडक़ दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सडक़ सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से प्रदेशभर की तरह चित्तौडग़ढ़ जिले में भी 18 नवम्बर तक 15 दिवसीय सडक़ सुरक्षा अभियान प्रारम्भ किया गया है। इस दौरान जिले में यातायात नियमों के पालन, वाहन चालकों में अनुशासन, ओवरस्पीडिंग रोकथाम तथा आपातकालीन सहायता प्रणाली को सुदृढ़ बनाने के लिए विशेष कार्य योजना लागू की गई है। जिला कलक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिला सडक़ सुरक्षा समिति द्वारा अभियान की मॉनिटरिंग की जा रही है। अभियान के तहत पुलिस विभाग को नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। जिलेभर में पुलिस एवं यातायात टीमें सडक़ों पर सक्रिय रहकर नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई कर रही हैं। शराब पीकर वाहन चलाने, ओवरस्पीडिंग, गलत दिशा में वाहन चलाने एवं बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

**शराब सेवन व ओवरस्पीड मामलों में लाइसेंस निलंबित करने की कार्रवाई :** परिवहन विभाग चित्तौडग़ढ़ द्वारा अभियान के दौरान ओवरलोडिंग, अनाधिकृत संचालन, फिटनेस उल्लंघन, शराब सेवन तथा ओवरस्पीड मामलों में चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन/निरस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है।

## झूलेलाल मंदिर में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गुरू नानक देव का प्रकाशोत्सव

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाडा, (अमित शर्मा) ।** बुधवार शाम नाथद्वारा सराय स्थित दादा हेमराज मल झूलेलाल सनातन मंदिर में सिख धर्म के प्रथम गुरू, मानवता और सद्भाव के प्रतीक श्री गुरूनानक देव जी महाराज का 556वाँ प्रकाशोत्सव भक्ति, आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया। पूज्य हेमराजमल साहब सेवा समिति द्वारा आयोजित इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। कार्यक्रम की शुरुआत गुरूनानक देव जी की पूजा-अर्चना से हुई। इसके पश्चात् भगवान सत्य नारायण की कथा का वाचन किया गया। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने धर्म, करुणा, सेवा और सत्य मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कथा के उपरांत भजन-कीर्तन, आकर्षक नृत्य और छेज की प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। सिंधी समाज के मीडिया प्रभारी मूलचंद बहरवानी ने बताया कि समाज के वरिष्ठजनों एवं युवाओं ने संयुक्त रूप से इस धार्मिक समारोह को भव्यता प्रदान की। प्रसिद्ध सिंधी भजन गायक बाबू लाल शर्मा ने "मुहिंजो बाबो नानक आयो अथई इहो नानक आयो अथई" सहित अन्य भजनों की सुरीली प्रस्तुति देकर वातावरण को आध्यात्मिक उत्साह से सराबोर कर दिया। भजनों पर समाजजनों ने पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत कर उत्सव में चार चाँद लगा दिए। इसके बाद महाआरती संपन्न हुई तथा पल्लव प्रसादी (प्रसाद) का वितरण किया गया। मंदिर में दीपों की रौशनी और भक्तों की जयकारों के साथ गुरूनानक देव जी के उपदेशों 'नाम जपो, किरत करो और वंड को'का संदेश गूंजता रहा। कार्यक्रम में संस्थाध्यक्ष गुलशनकुमार विधानी, महंत टेऊंराम भगत, कालू भगत, मनोहर रामनानी, तारा सिंधी, पप्पू भगत, हीरालाल गुरनानी, कांता सिंधी, रमन शर्मा, हेमंत भगत, नवीन भगत, सीमा भगत, भगवंती भगत, रामचंद्र खोतानी, गोदावरी तेजवानी, हरीश सखरानी, दिव्या भगत, कमला गुरनानी, कोमल भगत, मीना गुरनानी एवं कमली भगत सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे और सेवा-सत्कार द्वारा आयोजन को गरिमा प्रदान की।

# जेके सीमेंट की खदानों में 49वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह का आयोजन

बढ़ता राजस्थान




**निंबाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।** जेके सीमेंट लिमिटेड की निंबाहेड़ा एवं मांगरोल स्थित खदानों में 49वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जेके सीमेंट की अमलगमेटेड कंपनी कारण्डा माल्याखेड़ा माइंस, पिंगण में समारोहपूर्वक कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में पीयूष कुमार आमेटा ने सभी को सुरक्षा की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि के रूप में खान सुरक्षा महानिदेशालय, उत्तर-पश्चिमी अंचल उदयपुर के डायरेक्टर ऑफ माइंस सेफ्टी नवोद रजक उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि सुरक्षा हम सभी की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसे सभी के सामूहिक प्रयासों से ही प्राप्त किया जा सकता है। निरीक्षण टीम के प्रभारी राजेंद्र कठोड़ ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए कार्य के दौरान अपने सहकर्मियों की सुरक्षा का भी ध्यान रखना चाहिए। जेके सीमेंट के माइंस हेड जितेंद्र शर्मा ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि सुरक्षित कार्य-संस्कृति को मन से अपनाना चाहिए, तभी हम सुरक्षा के उच्चतम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी कार्य को प्रारंभ करने से पहले जोखिमों का आकलन कर सुरक्षित कार्य प्रणाली को अपनाना चाहिए। कार्यक्रम की शुरुआत में खान प्रबंधक सुधीर गौरी ने सभी का स्वागत भाषण दिया। जेके श्रमिक संघ मांगरोल के अध्यक्ष सत्यनारायण मेहररिया ने कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने का आह्वान किया। इसके पश्चात विभिन्न खदानों से आए कर्मचारियों, अधिकारियों एवं स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा सुरक्षा विषय पर गीत, कविताएं और नाट्य मंचन प्रस्तुत किए गए, जिनकी सभी ने सराहना की। इस अवसर पर निंबाहेड़ा, मांगरोल, टीलाखेड़ा, मुरलिया, कारण्डा और माल्याखेड़ा माइंस के अधिकारी, कर्मचारी एवं श्रमिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। खदानों में उत्कृष्ट एवं सुरक्षित कार्य करने वाले कर्मचारियों को डायरेक्टर माइंस सेफ्टी और निरीक्षण दल के अधिकारियों द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह का सफल संचालन माइनिंग इंजीनियर माया जाट एवं अनिता कोंडि‍ा ने किया। अंत में रमेश व्यास ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# डंपर ने बाइक सवार मां-बेटी और मामा को कुचला, मौत

## हाईवे पर बिखरी लाशें; बीमार मां से मिलकर लौट रही थी

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** जयपुर हादसे के दो दिन बाद धौलपुर में तेज रफ्तार एक डंपर ने बाइक सवार तीन लोगों को कुचल दिया। हादसे में मां-बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, घायल मामा ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसा बुधवार दोपहर करीब 3 बजे हाईवे-44 (आगरा-मुंबई) पर मनियां थाना इलाके में हुआ। बाइक सवार उत्तर प्रदेश से मध्य प्रदेश जा रहे थे।

**बाइक से मध्य प्रदेश जा रहे थे:** मनियां थाना प्रभारी उदय चंद मीना ने बताया- मनोज (38) अपनी भांजी लाडो उर्फ खुशबू (26) और उसकी बेटी रिया (2) के साथ बाइक पर जा रहा था। वह लाडो के मायके सैयां, आगरा (यूपी) से अपने गांव मुरैना (मध्य प्रदेश) जा रहा था। मनियां थाना क्षेत्र में पहुंचने पर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। डंपर की चपेट में आने से तीनों लहूलुहान हालत में सड़क पर गिर गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। एंबुलेंस से तीनों को जिला अस्पताल पहुंचाया। हॉस्पिटल में डॉक्टरों ने मां-बेटी को मृत घोषित कर दिया, जबकि मनोज ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

### बीमार मां से मिलने आई थी महिला

लाडो की शादी साल 2021 में उसके मामा मनोज ने ही की थी। लाडो अपने ससुराल रूपवास (भरतपुर) से आज सुबह ही यूपी के आगरा जिले के सैयां कस्बे में अपनी बीमार मां को देखने के लिए आई थी। इसी दौरान मनोज भी अपनी बहन को देखने के लिए पहुंचा था।

वहां से वह भांजी लाडो और उसकी बेटी रिया को अपने साथ मुरैना (मध्य प्रदेश) ले जा रहा था। लाडो का पति राजा ठाकुर खेती-बाड़ी करता है। मनोज भी खेती करता था। पुलिस ने डंपर जब्त किया, युवक को पकड़ा डंपर ड्राइवर आगरा में गिट्टी खाली करके धौलपुर लौट रहा था। पुलिस ने मौके पर ही डंपर को जब्त कर एक युवक को राउंडअप किया है। वह खुद को हेल्पर बता रहा है। पुलिस ने डंपर मालिक को बुलाया है। उसके आने के बाद ही पता चलेगा कि वह हेल्पर है या ड्राइवर। एसपी-डीटीओ ने हाईवे पर पकड़े बिना नंबर के डंपर हादसे के बाद धौलपुर एसपी विकास सांगवान और धौलपुर परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे पर डंपरों को रोककर चेक किया। करीब एक दर्जन डंपरों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।




परिवहन विभाग की अनदेखी से धौलपुर करौली हाईवे पर नहीं थम रही दुर्घटना

# शादी के बाद बेटी को ससुराल से लेने जा रहे तीन दर्जन सवारियों से भरी पिकअप पलटी

## एक बालिका सहित एक दर्जन से अधिक लोग घायल,चार की हालत गंभीर, धौलपुर रेफर

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर से गुजर रही हाईवे 11बी पर परिवहन विभाग की अनदेखी से सवारी वाहन ओवरलोड होकर चल रहे है जिसके चलते बुधवार को सरमथुरा रोड के बॉबी होटल के पास दर्दनाक हादसा हो गया। तेज गति तीन दर्जन से अधिक सवारियों से भरी पिकअप गाड़ी के अनियंत्रित होने और आगे,पीछे का पहिया निकलने से गाड़ी तीन बार हिचकोले लेकर सड़क पर पलट गई। दुर्घटना में डीसीएम में सवार एक दर्जन लोग घायल हुए हैं। घटना के बाद घायलों को एंबुलेंस एवं अन्य साधनों से बाड़ी अस्पताल लाया गया। जहां से चार को गंभीर हालत में जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है। जानकारी के अनुसार शहर के कीड़ी मोहल्ला भदोरिया पाड़ा निवासी भूरी कुशवाह और उसके परिवार के लोग 02 नवंबर को हुई शादी के बाद अपनी बेटी को विदा कराने और समदोरा करने उसकी ससुराल मासलपुर के पास बड़ा गांव जा रहे थे। पिकअप में तीन दर्जन लोग सवार थे, जिनमें महिला और छोटे बच्चे भी शामिल हैं। जैसे ही डीसीएम गाड़ी बाड़ी से निकलकर हाईवे पर पहुंची,ड्राइवर ने गाड़ी की रफ्तार बढ़ा दी। रफ्तार बढ़ने पर जब गाड़ी हिचकोले लेने लगी तो उसका आगे और पीछे का पहिया निकल गया। ऐसे में गाड़ी अनियंत्रित हो गई और तीन पलटी खाकर सड़क पर पलट गई। दुर्घटना में पिकअप के ऊपर और अंदर बैठे सभी लोग सड़क पर आ गिरे। जिनमें एक दर्जन लोग बुरी तरह घायल हो गए। वहीं कुछ लोगों को चोटें आई हैं। घायलों को बाड़ी अस्पताल लाया गया। जहां से चार घायलों को जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है।



### लोडेड सवारियों को लेकर जाते है डग्गेमार वाहन, नहीं कोई अंकुश

बाड़ी से सरमथुरा,बसेड़ी सैपऊ सहित धौलपुर को शहर से कई डग्गेमार वाहन चलते है जो क्षमता से दो गुनी सवारियों को लेकर जाते है। जिनको देखने वाला कोई नहीं है। परिवहन विभाग की कोई कार्यवाही आज तक हाईवे ग्यारह बी पर देखने को नहीं मिली। परिवहन विभाग की गाड़ियां केवल धौलपुर जिला मुख्यालय पर ही तैनात रहती है ऐसे में निजी और डग्गेमार वाहनों को सवारियों की जिंदगी की कोई चिंता नहीं है। न ही हाइवे से जुडी एनएचएआई के अधिकारी दुर्घटनाओं के बाद कोई सबक लेते है।

# आईपीएल की तर्ज पर शहर में हो रही बाड़ी प्रीमियर लीग प्रतियोगिता

## बांके बिहारी क्लब कर रहा आयोजन,उद्घाटन कार्यक्रम में मौजूद रहे तीन पूर्व विधायक



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर में आईपीएल की तर्ज पर बाड़ी प्रीमियर लीग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। महाराणा प्रताप खेल मैदान में आयोजित हो रही इस प्रतियोगिता का बुधवार को भव्य उद्घाटन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाड़ी के पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा रहे। वहीं मध्य प्रदेश के मुरैना जिले के दिमनी के पूर्व विधायक रविंद्र सिंह भड़ौसा और सुमावली के पूर्व विधायक सत्यपाल सिंह नीटू ने अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान राजाखेड़ा के समाजसेवी राजा भैया सिकरवार और प्रधान अजय सिंह मलिंगा भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद है। बांके बिहारी क्लब द्वारा आयोजित हो रही इस प्रतियोगिता में दस टीमें भाग ले रही है।

प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर बांके बिहारी क्लब के संजू परमार और गौरव परमार ने बताया कि आईपीएल की तर्ज पर बाड़ी शहर में बाड़ी प्रीमियर लीग के नाम से पहली बार यह प्रतियोगिता रखी गई है। प्रतियोगिता की खास बात यह है कि इसमें सभी 10 टीमों के खिलाड़ियों का चयन बोली के माध्यम से किया गया है। प्रतियोगिता का आयोजन महाराणा प्रताप खेल मैदान पर किया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन दो मैच आयोजित किए जाएंगे। प्रतियोगिता के फाइनल विजेता को एक लाख ग्यारह हजार की राशि और ट्रॉफी दी जाएगी वही उपविजेता को 51 हजार रुपये और ट्रॉफी का पुरस्कार मिलेगा। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान बांके बिहारी क्लब से जुड़े सौरव शर्मा, तलविंदर सिंह, अमर सिंह पोसवाल, अमर सिंह मीणा, श्याम राय सहित तमाम पदाधिकारी और खेल प्रेमी मौजूद रहे।

बाड़ी प्रीमियर लीग प्रतियोगिता के उद्घाटन के दौरान पहला मुकाबला मन्नत नाइट राइडर्स और बाड़ी स्ट्रीटदार क्लब के बीच खेला गया।

# नदबई के अटारी में खाटू श्याम बाबा का भव्य जागरण

## भजनों पर झूमे श्रद्धालु, मनमोहक झांकियां भी निकाली गईं, बाबा श्याम का आकर्षक श्रृंगार



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** नदबई के गांव अटारी में मंगलवार रात को खाटू श्याम बाबा का भव्य जागरण बड़े धूमधाम और श्रद्धा भाव से आयोजित किया गया। देर रात तक चले इस आयोजन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। बाहर से आए प्रसिद्ध गायक कलाकारों ने बाबा श्याम के भजनों की ऐसी मनमोहक प्रस्तुतियां दीं कि पूरा पंडाल जय श्री श्याम के जयकारों से गुंजायमान हो उठा।

### श्याम बाबा का आकर्षक श्रृंगार

जागरण में बाबा श्याम का भव्य दरबार सजाया गया था, जिसे फूलों, झालरों और रोशनी से सजाया गया। बाबा श्याम के आकर्षक श्रृंगार को देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में मत्था टेककर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

### पवित्र ज्योत से हुई जागरण की शुरुआत

कार्यक्रम की शुरुआत मंगलराम शर्मा, सुशील शर्मा अटारी के परिवार द्वारा बाबा श्याम की पवित्र ज्योत प्रज्वलित कर की गई। ज्योत प्रज्वलन के बाद वातावरण में भक्ति रस का संचार हो गया और भक्तों ने श्याम नाम का संकीर्तन गाते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

### कलाकारों ने दी शानदार प्रस्तुतियां

जागरण में आमंत्रित गायक कलाकार पंकज कटारा, बबलू दौसा और गायिका राखी अलवर ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। ले चलो खाटू नगरी रे श्याम प्यारे, मेरे श्याम का रंग निराला है जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे और देर रात तक भक्ति का माहौल बना रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे इस मौके पर मंगलराम शर्मा, सुशील शर्मा अटारी, जया शर्मा, प्रदीप शर्मा, अशोक शर्मा, रामस्वरूप शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्याम भक्त शामिल हुए।

# स्कीम -10 की भूमि आर बी एम् हॉस्पिटल विस्तारीकरण के लिए आरक्षित हो

## आरक्षित नहीं की गई तो होगा आन्दोलन

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** आर बी एम् चिकित्सालय के पास रीको रोड पर बी डी ए की स्कीम 10 की भूमि चिकित्सालय के विस्तारीकरण के लिए आरक्षित करने हेतु समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि मेडिकल कॉलेज के अधीन चलने वाले इस चिकित्सालय में भविष्य में नये विभाग, चिकित्सकों के आवास के लिए भवन व् जन सुविधाएँ जैसे कार्य होंगे ! जिसके लिए अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता होगी। ऐसी स्थिति में स्कीम-10 की भूमि भावी आवश्यकताओं को देखते हुए चिकित्सालय के लिए आरक्षित की जाये। गुप्ता ने पत्र में कहा है कि स्कीम-10 में बी डी ए द्वारा भूमि समतलीकरण करा कर सडक का निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें शीध भूखण्डों की नीलामी की जाएगी। यदि ऐसा हुआ तो चिकित्सालय विस्तारीकरण के लिए भूमि उपलब्ध नहीं हो पायेगी। पूर्ववर्ती सरकार ने इस स्कीम की 50 प्रतिशत भूमि चिकित्सालय विस्तारीकरण के आरक्षित करने का निर्णय लिया था। किन्तु इसकी कोई पालना नहीं हो रही है। जबकि स्वास्थ्य सेवाएं सरकार की प्राथमिक सेवाओं में शामिल है। यहां तक इस भूमि पर नवीन ट्रोमा भी बनवाया जाना तय हुआ था। गुप्ता ने पत्र में यह भी कहा है कि यदि स्कीम 10 की भूमि चिकित्सालय विस्तारीकरण के लिए आरक्षित नही की गई तो सामाजिक एवम स्वयं सेवी संगठन मिल कर आदोलन चला सकते हैं। जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होंगी।

# मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को जांचने अधिकारी पहुंचे गांव-गांव

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** जिले में मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 (एसआईआर) के अन्तर्गत बुधवार को जिलेभर में अधिकारियों द्वारा क्षेत्रों में भ्रमण कर बीएलओ द्वारा किये जा रहे कार्यों का निरीक्षण कर आम मतदाताओं से संवाद किया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी घनश्याम शर्मा ने विधानसभा क्षेत्र बयाना के मतदान केन्द्र वीरमपुरा, मतदान केन्द्र सालाबाद, मतदान केन्द्र अघावली, मतदान केन्द्र रूदावल, मतदान केन्द्र दाहिनागॉव का अवलोकन किया। उन्होंने अवलोकन के दौरान बूथ लेवल अधिकारियों को चुनाव आयोग द्वारा जारी गाइड लाइन की पालना करते हुए पारदर्शिता से कार्य कर मतदाताओं का सत्यापन करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी मतदाताओं को एसआईआर के बारे में बताते हुए प्रपत्र उपलब्ध कराने एवं मैपिंग के लिए दस्तावेजों की जानकारी देने के निर्देश दिए। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एसडीएम) सचिन यादव ने विधानसभा क्षेत्र, नदबई में नदबई कस्बा, मतदान केन्द्र बैलारा, मतदान केन्द्र नाम, मतदान केन्द्र गादौली का निरीक्षण किया गया।

# गृह राज्य मंत्री बेढ़म ने नगर को दी 8.45 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात

## गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने एक ही दिन में ट्रॉमा सेंटर, नवीन सीएचसी भवन, स्टेडियम और सड़क का किया लोकार्पण व शिलान्यास

बढ़ता राजस्थान

**डीग (नि.स.)।** गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने बुधवार को डीग जिले के नगर विधानसभा क्षेत्र में 8.45 करोड़ रुपये की लागत के स्वास्थ्य सेवाओं और सड़क निर्माण के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। गृह राज्य मंत्री ने डीग के गांव खोह में 575 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के नवीन भवन का विधि-विधान से भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए गृह राज्य मंत्री बेढ़म ने कहा कि इस आधुनिक अस्पताल के बनने से खोह और आस-पास के दर्जनों गाँवों को समुचित स्वास्थ्य सुविधाएँ अपने ही घर के पास मिल सकेंगी।




### गुलपाड़ा- 200 लाख के ट्रॉमा सेंटर का लोकार्पण, बचेगा हर कीमती जीवन

बेढ़म ने गांव गुलपाड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 200 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित ट्रॉमा सेंटर का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि इस ट्रॉमा सेंटर के शुरू होने से दुर्घटना या आपात स्थिति में घायलों को तत्काल इलाज की सुविधा मिल सकेंगी ।जिससे हर कीमती जीवन को बचाया जा सकेगा। जबकि पहले घायलों को इलाज के लिए भरतपुर या जयपुर जाना पड़ता था। यह लोकार्पण क्षेत्र की स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति सरकार की संवेदनशीलता का प्रतीक है। क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच देने के अपने वादे को पूरा करते हुए गृह राज्य मंत्री बेढम बेढ़म ने ग्राम बेरू में 30 लाख रुपये की लागत से बनने वाले खेल स्टेडियम की चारदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि उनका सपना है कि यहाँ के युवा खेलों में आगे बढ़ें और इस स्टेडियम से निकलकर देश-प्रदेश का नाम रोशन करें।

विकास की गति को तेज करते हुए बेढ़म ने बड़ेसरा में 40 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित 2.50 किमी. लम्बी डीग-नगर रोड से बड़ेसरा संपर्क सड़क के डामरीकरण कार्य का लोकार्पण किया। इस सड़क के बनने से स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों को आवागमन में बड़ी राहत मिली है।

जिसके लिए स्थानीय लोगों ने मंत्री जवाहर सिंह बेढम का आभार जताया।

### अपराधी अब अपराध करने से पहले 100 बार सोचता ह

उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए, गृह राज्य मंत्री बेढ़म ने विकास के साथ-साथ सुदृढ़ कानून-व्यवस्था की प्रतिबद्धता भी दोहराई। उन्होंने कहा जो दो वर्ष पहले गाँवों में गुंडागर्दी और गरीब को परेशान करने के षड्यंत्र चल रहे थे। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद उनमें भारी कमी आई है। अब अपराधी अपराध करने से पहले 100 बार सोचता है। बेढ़म ने कहा, मुझे यह महसूस होता है कि आप जितना प्यार अपने बेटों और भाइयों से करते हैं, उतना ही प्यार जवाहर बेढ़म से करते हैं।उन्होंने विकास के प्रति अपना दृढ़ संकल्प दोहराते हुए कहा विकास में जहां भी कोई कमी दिखे आप मुझे बताए उसे पूरा करना आपके इस बेटे का संकल्प है। इन कार्यक्रमों के दौरान ग्रामीणों द्वारा गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम का बड़ी गर्म जोशी से स्वागत किया गया।

# जनता जनार्दन स्नेह मिलन समारोह में उमड़ा जन समूह

## डॉ. गर्ग का सर्वसमाज के लोगों ने किया भव्य अभिनन्दन, गणमान्य नागरिक व विभिन्न सगठनों के लोग हुये शामिल

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** टीम डॉ. सुभाष गर्ग की ओर से बुधवार को रणजीत नगर स्थित कार्यालय पर जनता जनार्दन स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों सहित शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों की जनता अपने विधायक का स्वागत व सम्मान करने के लिये उमड़ पड़ी। पूर्व सांसद व वयोवृद्ध समाजवादी नेता पं. रामकिशन सहित जनप्रतिनिधियों व सर्वसमाज के लोगों ने डॉ. सुभाष गर्ग का माल्यार्पण, चांदी का मुकुट, गदा, प्रतीक चिन्ह व साफा पहनाकर स्वागत किया। समारोह में सरपंच, पंच, पार्षद, पूर्व पार्षद, जिला परिषद सदस्य, पूर्व सरपंच सहित पंचायती राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों के साथ ही प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी, गणमान्य नागारिक शामिल हुये। इस दौरान डॉ. गर्ग ने सभी का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुये कहा कि क्षेत्र की जनता जनार्दन द्वारा दिये गये स्नेह से उनमें उत्साह का संचार होता है। उन्होंने कहा कि वह क्षेत्र के विकास के लिये पूरी तरह से समर्पण भाव से जुटे हुये हैं। स्नेह मिलन समारोह में शामिल होकर विधायक डॉ. गर्ग का स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से ब्राह्मण समाज, खण्डेलवाल समाज, अग्रवाल यादव समाज, मीणा समाज, जैन समाज, जांगिड समाज, हरिजन समाज, सिकलीगर राजपूत समाज, नट समाज, कोली समाज, पूर्व सरपंच, पूर्व पार्षद, सभी समाजों के गणमान्य नागरिक, व्यापारी, पत्रकार, अधिवक्ता, चिकित्सक, पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों सहित सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों सहित सभी समाज के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



# प्रवासी पक्षियों का रंगीन आगमन, रूडी शेलडक की उड़ान ने सजाया आकाश

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** सर्द हवाओं के साथ प्रवासी पक्षियों का जत्था एक बार फिर राजस्थान के केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान और आसपास की कृषि भूमि पर उतरा है। इस बार मुख्य आकर्षण रहे रूडी शेलडक, जिन्हें हिंदी में ब्राह्मणी बतख भी कहा जाता है। ये मध्यम आकार के प्रवासी जलपक्षी हैं। चमकीले नारंगी-भूरे शरीर, काले पंखों के किनारे, सफेद सिर और गर्दन तथा नर में काले गले की पट्टी के लिए इन्हें आसानी से पहचाना जा सकता है। ब्राह्मणी बतख मध्य एशिया, मंगोलिया, तिब्बत और साइबेरिया की उच्च ऊंचाई वाली झीलों से हजारों किलोमीटर की लंबी यात्रा तय कर राष्ट्रीय उधान पहुंचते हैं।उद्यान के आसपास के पानी भरे खेत इनके लिए आदर्श शीतकालीन आश्रय हैं। ये पक्षी झुंड में उड़ना पसंद करते हैं। वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर दीपक मुदगल ने सुबह के कोहरे में यह दृश्य कैमरे में कैद किया। उन्होंने बताया, लगभग 20-25 ब्राह्मणी बतखों का झुंड खेतों के ऊपर कम ऊंचाई पर उड़ रहा था। इनके पंखों की चमक और सामूहिक उड़ान का वी-आकार मनमोहक था। ये कीट, घास के बीज और छोटे जलीय जीव खाकर फसलों को प्राकृतिक रूप से संतुलित रखते हैं। डीएफओ मानस सिंह के अथक प्रयासों से भरतपुर का राष्ट्रीय उद्यान इस बार फिर प्रवासी पक्षियों के रूप में चमक रहा है। सिंह ने कहा, प्रवासी और स्थानीय पक्षियों के स्वागत के लिए उद्यान तैयार है। इस बार पर्यटकों की अच्छी संख्या आने की संभावना है।

हमने प्रकृतिप्रेमियों और फोटोग्राफरों की सुविधा के लिए बैठने की बेंच, हाइट और हट के साथ-साथ सफारी की व्यवस्था भी पूरी कर ली है।

# बस में नशीली चॉकलेट खिलाकर नकदी, मोबाइल और घड़ी लूटी

## एमपी के कैलारस में अचेत मिला युवक, बाड़ी हॉस्पिटल में उपचार जारी

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** बाड़ी में जयपुर से आ रहे युवक को नशीली चॉकलेट खिलाकर लूटने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने युवक को अचेत कर 14 हजार नकद, मोबाइल फोन और घड़ी लूट ली। युवक मध्यप्रदेश के कैलारस में अचेत अवस्था में मिला, जिसे बाड़ी लाकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार महाराजपुर गांव निवासी रवि कुशवाहा पुत्र ओमप्रकाश कुशवाह जयपुर में सब्जी का काम करता है। वो परिवार में शादी समारोह में शामिल होने के लिए जयपुर से बाड़ी लौट रहा था। सोमवार शाम को उसने जयपुर से बस में बैठने के बाद परिजनों को फोन पर सूचना दी थी कि वो बाड़ी के लिए रवाना हो गया है।

**कैलारस में अचेत मिला रवि:** मंगलवार सुबह जब रवि बाड़ी नहीं पहुंचा और उसका मोबाइल फोन भी बंद आया, तो परिजनों को चिंता हुई। दोपहर करीब 2 बजे उन्हें कैलारस बस स्टैंड के पास एक अचेत युवक के मिलने की सूचना मिली। युवक के पास मिले दस्तावेजों से उसकी पहचान रवि के रूप में हुई। परिजन तुरंत कैलारस पहुंचे और उसे बाड़ी लेकर आए।

## राजाखेड़ा की नई एसडीएम सुशीला मीणा ने संभाला पदभार

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर (राजू शर्मा)।** सुशीला मीणा ने बुधवार को धौलपुर जिले के राजाखेड़ा उपखंड अधिकारी (एसडीएम) का पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने कहा- राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना उनकी मुख्य प्राथमिकता होगी। नवनियुक्त एसडीएम मीणा ने बताया- सरकार की योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने राजाखेड़ा उपखंड में जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण पर विशेष ध्यान देने की बात कही। इस अवसर पर उपखंड कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों ने नई एसडीएम का स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने प्रदेश सरकार ने 67 राजस्थान प्रशासनिक सेवा अधिकारियों का स्थानांतरण किया था। इसी क्रम में राजाखेड़ा की पूर्व एसडीएम वर्षा मीणा का तबादला खण्डार (सवाई माधोपुर) उपखंड अधिकारी के पद पर किया गया था। उनके स्थान पर खण्डार, सवाइ माधापुर स एसडाएम सुशाला माणा का राजाखेड़ा उपखंड अधिकारी का कार्यभार सौंपा गया है।

## जिला कलक्टर हसीजा एक्शन मोड में, अवैध बजरी परिवहन पर कड़ी कार्रवाई



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** जिला कलेक्टर अरुण कुमार हसीजा बुधवार को एक्शन मोड में नजर आए। उन्होंने ग्राम पंचायत मोही में आकस्मिक निरीक्षण के दौरान अवैध बजरी से भरे दो ट्रैक्टर ट्रॉली को मौके पर ही पकड़ लिया।

कलेक्टर हसीजा ने बिना किसी देरी के ट्रोले को जब्त करवाते हुए चालक से पूछताछ की, जिसके बाद चालक मौके से भाग खड़ा हुआ।जिला कलेक्टर ने तत्काल प्रभाव से संबंधित अधिकारियों को फोन कर अवैध खनन और बजरी परिवहन पर सघन अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जिले की सीमाओं पर सतत निगरानी रखी जाए, ताकि अवैध बजरी का परिवहन और निर्गमन किसी भी स्थिति में न हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि जहां-जहां अवैध खनन की गतिविधियाँ संचालित हो रही हैं, वहां त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।इस दौरान उपखंड अधिकारी बृजेश गुप्ता मौके पर मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् की 150 वीं वर्षगांठ एवं सुभाष नगर योगा केन्द्र के 1 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में सामूहिक योगा कार्यक्रम 07 को



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** सुभाष नगर योगा केन्द्र के संरक्षक डॉ.एस.सी. मित्तल ने बताया कि बड़ा सौभाग्य का विषय है कि राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् की 150 वीं वर्षगाँठ एवं भारतीय योग संस्थान, आर.डी. एन.सी.मित्तल फाउंडेशन के द्वारा संचालित सुभाष नगर योगा केन्द्र के 1 वर्ष पूर्ण हो जाने के शुभ अवसर पर शुक्रवार दिनांक 07 नवम्बर 2025 को प्रातः 06:00 से मित्तल हॉस्पिटल के पास सामूहिक योगा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा ! इस कार्यक्रम में भारतीय योग संस्थान , आई.डी.एन.सी. मित्तल फाउंडेशन , पतंजलि योग संस्थान , सर्व हितकारी योग संस्थान , कल्पतरु योग संस्थान, कीर्ति योग संस्थान इत्यादि सभी योगा संस्थाओ के पदाधिकारी एवं सदस्य एक साथ पधारकर सामूहिक योगा करेंगे ! योगाचार्य नरेन्द्र गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम का प्रारम्भ वन्दे मातरम् गायन के साथ होगा इस कार्यक्रम में कुछ योगा नृत्य , भजन के कार्यक्रम भी रखे गए है ।

## वासुदेव देवनानी की पत्नी को श्रद्धांजलि देने पहुंचे नेता प्रतिपक्ष



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के निवास पर पहुंचकर उनकी धर्मपत्नी स्वर्गीय इंदिरा के छायाचित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके निधन पर जताया शोक जताया। जूली ने देवनानी के परिवारजनों से मुलाकात कर संवेदनाएं व्यक्त कीं और शोकसभा में शामिल हुए। जूली ने कहा कि श्रीमती देवनानी के निधन से परिजनो के जीवन में आए सूनेपन की पीड़ा को शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता वे परिवार के लिए एक मजबूत आधार और प्रेरणा की स्त्रोत थीं। उनका निधन पूरे परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है।

## किसानों के नाम पर 34 लाख की सब्सिडी हड़पी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले की अटेली तहसील में उद्यान विभाग की सब्सिडी योजना में बड़ा घोटाला सामने आया है। जानकारी के अनुसार नेट हाउस और पॉली हाउस योजना के तहत किसानों को दी जाने वाली सब्सिडी में एक निजी फर्म ने लाखों रुपये का गबन किया है। एक पीडित किसान वीरेंद्र सिंह ने आरोप लगाया है कि फर्म के मालिकों ने किसानों के नाम पर फर्जी दस्तावेज तैयार करवाकर 34 लाख रुपये की सब्सिडी हड़प ली।

**एसआईआर को लेकर कोई कोताही नहीं होगी स्वीकार - कलक्टर**

# विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)- जिलेभर में गणना प्रपत्र वितरण का कार्य उत्साह से जारी

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया 28 अक्टूबर 2025 से प्रारंभ हो चुकी है, जो 7 फरवरी 2026 तक संचालित रहेगी। इस प्रक्रिया के तहत जिलेभर में बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं तक गणना प्रपत्र वितरित कर रहे हैं। यह वितरण और संग्रहण का कार्य 4 दिसंबर 2025 तक संपन्न किया जाएगा।इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को पूर्णतः सटीक, पारदर्शी और अद्यतन बनाना है, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित रूप से दर्ज हो सके और कोई भी पात्र व्यक्ति मतदान के अधिकार से वंचित न रहे।9 दिसंबर 2025 को मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशित किया जाएगा। इसके बाद 9 दिसंबर से 8 जनवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियां आमंत्रित की जाएंगी, जबकि 31 जनवरी तक इनके सत्यापन और निस्तारण का कार्य किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची 7 फरवरी 2026 को प्रकाशित की जाएगी।जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों — भीम, कुंभलगढ़, राजसमंद और नाथद्वारा — में कुल 9,65,898 मतदाता पंजीकृत हैं। जिले में 988 बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को प्रपत्र वितरित कर रहे हैं।जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पूरे जिले में सुपरवाइजर, ईआरओ, एईआरओ, डीईओ से लेकर सीईओ राजस्थान स्तर तक इस कार्य की सघन मॉनिटरिंग की जा रही है। प्रत्येक बीएलओ अपने कार्य की दैनिक रिपोर्ट अपलोड कर रहा है, जिसकी समीक्षा संबंधित अधिकारियों द्वारा की जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरुण कुमार हसीजा ने कहा है कि मतदाताओं को इस प्रक्रिया के लिए कहीं आने-जाने की आवश्यकता नहीं है — बीएलओ स्वयं उनके घर पहुंचकर फॉर्म भरवाएंगे। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे बीएलओ को आवश्यक सहयोग प्रदान करें ताकि मतदाता सूची पूर्णतः सटीक और त्रुटिरहित तैयार की जा सके।उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग का उद्देश्य इस अभियान को पारदर्शी, समावेशी एवं नागरिक सहभागिता पर आधारित बनाना है, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में प्रत्येक पात्र नागरिक की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

## साक्षर नवभारत कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़ (अलवर)।** उपखंड के समीपवर्ती राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय गोविंदपुरा में साक्षर नवभारत कार्यक्रम 2022-27 के प्रचार-प्रसार एवं क्षमता संवर्धन हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण राजगढ़ ब्लॉक की मुख्य शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना के निर्देशन तथा ब्लॉक साक्षरता समन्वयक रमेश चंद शर्मा के पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि एसीबीईओ युवराज शर्मा, प्रीति परेवा और जगमोहन शर्मा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया अतिथियों ने अपने संबोधन में नवभारत साक्षर कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि निसाक्षरता का उन्मूलन समाज के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम 15 वर्ष से अधिक आयु के उन लोगों को साक्षर बनाने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है जो किसी कारणवश औपचारिक शिक्षा से वंचित रह गए। उन्होंने कहा कि साक्षरता के साथ डिजिटल ज्ञान आज के युग की आवश्यकता है, इसलिए इस अभियान में डिजिटल साक्षरता को भी विशेष रूप से शामिल किया गया है ताकि प्रत्येक व्यक्ति नई तकनीकों का उपयोग कर अपने जीवन को सशक्त बना सके प्रशिक्षण के दौरान न्यू इंडिया लिटरेसी प्रोग्राम की रूपरेखा, विधिक जागरूकता, संख्यात्मक ज्ञान और जीवनोपयोगी कौशलों से संबंधित विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को साक्षरता के नवाचारों, शिक्षण के आधुनिक तरीकों और समुदाय स्तर पर जागरूकता बढ़ाने के उपायों से अवगत कराया ब्लॉक साक्षरता समन्वयक रमेश चंद शर्मा ने बताया कि साक्षर नवभारत कार्यक्रम न केवल अक्षर ज्ञान तक सीमित है, बल्कि इसका उद्देश्य नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और डिजिटल रूप से आत्मनिर्भर बनाना भी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रशिक्षक का योगदान इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा

## विधायक विश्वराज सिंह ने तीन इलेक्ट्रॉनिक ऑटो टिपर सौंपेः ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता मिशन को मिलेगी नई रफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ ने बुधवार को पंचायत समिति खमनोर के प्रताप सभागार में आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम में तीन ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों को तीन इलेक्ट्रॉनिक ऑटो टिपर (कचरा संग्रहण वाहन) सौंपे।ये वाहन सेवा मंदिर संस्था, उदयपुर द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं। इनका उपयोग ग्रामीण क्षेत्रों में कचरा संग्रहण और स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने के लिए किया जाएगा।इस अवसर पर विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ ने कहा कि स्वच्छता केवल घर के अंदर ही नहीं, बल्कि बाहर भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण पर नियंत्रण तभी संभव है जब हम सभी मिलकर अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखें।विधायक ने नाथद्वारा विधानसभा को स्वच्छ विधानसभा बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने सेवा मंदिर संस्था का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक संगठनों का योगदान समाज में प्रेरणा का स्रोत बनता है। इस दौरान स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने के लिए लोगों को प्रेरित भी किया गया।कार्यक्रम में विकास अधिकारी हनुवीर सिंह, खमनोर मंडल अध्यक्ष मदन सिंह, सलोदा प्रशासक लोकेश सिंह, उनवास प्रशासक गीता देवी श्रीमाली, पंचायत समिति सदस्य तनसुख सोनी, नवनीत पालीवाल, दयाल पालीवाल, विनोद पालीवाल, रमेश दवे, डूंगर सिंह, भरत दवे, भूपेंद्र पालीवाल सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## औचक निरीक्षण में जेल परिसर से मिले चार मोबाइल फोन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** लाल कोठी इलाके में स्थित जयपुर केंद्रीय कारागार में मोबाइल फोन मिलने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।

जेल प्रशासन ने पिछले कुछ महीनों से लगातार औचक निरीक्षण कर कई मोबाइल फोन बरामद कर चुका है। बुधवार को औचक निरीक्षण में जेल परिसर में 4 मोबाइल फोन बरामद हुए है। जेल प्रशासन ने चार बंदियों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज कराया है। लाल कोठी थाना पुलिस ने चारों बंदियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। थानाधिकारी प्रकाश राम विश्नोई ने बताया कि जयपुर सेंट्रल में लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। बुधवार को भी जेल परिसर में औचक निरीक्षण किया गया।

औचक निरीक्षण में वार्ड नंबर-2 के बैरक -3 में 4 लावारिस मोबाइल फोन पड़े मिले। इसी के साथ चार्जर केबल, बैटरी और ईयर फोन भी बरामद किए गए। जेल प्रशासन ने अन्य कैदियों से इस मामले में सख्ती से पूछताछ की । जिसमें बंदी मनोज,विजय, विजयपाल और महेंद्र सिंह का नाम सामने आया। जेल प्रशासन ने चारों बंदियों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज कराया।

## श्री श्याम मोरछड़ी मित्र मण्डल के सदस्यों ने भगवान गणेश जी व महल चौक स्थित बाबा श्याम को दिया निमंत्रण

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** श्री श्याम मोरछड़ी मित्र मंडल अपनाघर शालीमार की ओर से 6 दिसंबर को भव्य तोरण द्वार नींव मुहूर्त, 19 दिसंबर को भव्य निशान यात्रा एवं रथयात्रा एवं दिनांक 20 दिसंबर 2025 को भव्य श्री श्याम संकीर्तन 30 बीघा राम श्याम मंदिर प्रांगण अपनाघर शालीमार में बड़ी धूमधाम से होने जा रहा है वही मण्डल उपाध्यक्ष जितेंद्र सेतिया ने बताया कि श्री श्याम मोरछड़ी मित्र मंडल अपनाघर शालीमार की ओर से दिनांक 6 दिसंबर 2025 को भव्य तोरण द्वार नींव मुहूर्त 19 दिसंबर को भव्य निशान यात्रा व चांदी के रथ पर विराजमान बाबा श्याम की रथ यात्रा एवं 20 दिसंबर 2025 को भव्य श्री श्याम संकीर्तन अपना घर शालीमार अलवर में बड़ी धूमधाम से होने जा रहा है जिसकी तैयारिया जोरो शोरो से की जा रही है दिनांक 19 दिसंबर को भव्य निशान यात्रा व बाबा श्याम की रथयात्रा दोपहर 3 बजे महल चौक स्थित प्राचीन श्याम मंदिर प्रांगण से निकाली जाएगी जो मुख्य बाजारों से होती हुई 30 बीघा राम श्याम मंदिर प्रांगण अपनाघर शालीमार पहुंचेगी। इससे पूर्व बुधवार को प्रातः 9 बजे मंडल के सदस्यो द्वारा भगवान श्री गणेश जी महाराज लाल गेट, त्रिपोलिया महादेव, व महल चौक स्थित बाबा श्याम को निमंत्रण दिया गया। वही जितेंद्र सेतिया ने बताया कि श्री श्याम संकीर्तन में उतर प्रदेश से संजीव शर्मा, दिल्ली से राधिका ठाकुर, दिल्ली से सोनी सिस्टर्स, अलवर से भाई महेंद्र अमन, कमल कान्हा व दिल्ली की ध्वनि म्यूजिकल ग्रुप अपनी स्वर लहरियों से बाबा को मीठे मीठे भजनो से रिझायेगे, वही मंच संचालक बिट्टू राज शर्मा द्वारा किया जाएगा। महोत्सव में कोलकता के फूलों से खाटू श्याम बाबा का आलौकिक श्रृंगार किया जाएगा व 56 भोग की झांकी सजाई जाएगी। इस अवसर पर मंडल के सभी सदस्य मौजूद रहे ।

**गुड सेमेरिटन**

# घायलों को अस्पताल पहुंचाने वाले नेक नागरिक को मिलेगी 10 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर (राजू शर्मा)।** सडक़ हादसों में घायल व्यक्ति को समय पर अस्पताल या ट्रॉमा केयर सेंटर में पहुंचाने वाले किसी भी नागरिक को गुड सेमेरिटन योजना के तहत 10 हजार रुपए की प्रोत्साहन व प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। गंभीर घायल व्यक्ति को अस्पताल या ट्रामा में पहुंचाने वाले व्यक्ति के बारे में चिकित्सक पुलिस को सूचित करेंगे। इसके साथ ही गुड सेमेरिटन का प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा।

जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि योजना के अर्न्तगत घातक सडक़ दुर्घटनाओं में गोल्डन ऑवर (दुर्घटना घटित होने के 1 घंटे की अवधि) अवधि में सडक़ दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल ऐसे व्यक्ति जिन्हें मेजर सर्जरी, तीन दिवस तक भर्ती रहने वाले, ब्रेन इंजरी, स्पाईन्ल कोड इंजरी एवं ईलाज के दौरान मृत्यु हो जाने वाले घायलों को ले जाने वाले भले व्यक्ति जिन्हें इस योजना के तहत गुड सेमेरिटन नाम दिया गया है, को मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 134ए एवं भारत सरकार की गुड सेमेरिटन के लिए जारी अधिसूचना के तहत संरक्षण प्रदान करते हुए ऐसे व्यक्तियों को राज्य सरकार द्वारा 10 हजार की प्रोत्साहन राशि व प्रशस्ति पत्र दिया जायेगा।उन्होंने बताया कि सडक़ हादसों में घायलों की मदद करने वालों के अधिकारों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कानून बनाया था। इसका मुख्य उद्देश्य हादसे में मदद करने वाले व्यक्ति को अनावश्यक पुलिस कार्रवाई से बचाना और सहायता करने वाले नागरिक को प्रोत्साहन स्वरूप सम्मानित करना है। मोटरयान सडक़ दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को नेक व्यक्ति (गुड सेमेरिटन) की ओर से सीधा अस्पताल या ट्रॉमा केयर सेंटर पहुंचाया जाएगा, तो उस व्यक्ति के संबंध में चिकित्सक स्थानीय पुलिस को सूचित करेंगे। पुलिस की ओर से नेक व्यक्ति का नाम-पता, घटना का विवरण, मोबाइल नंबर आदि की निर्धारित प्रारूप में जानकारी की प्रति गुड सेमेरिटन को दी जाएगी। परिवहन एवं सडक़ सुरक्षा विभाग की ओर से मोटरयान सडक़ दुर्घटनाओं में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को मदद करने वाले लोगों के प्रोत्साहन के लिए यह योजना बनाई गई है। इसमें एक से अधिक भले व्यक्ति होने की स्थिति में सभी को प्रशस्ति व पुरस्कार की राशि सामान रूप में सभी में विभाजित की जाएगी। कोई पुलिस अधिकारी घटना स्थल पर पहुंचाने पर आपको अपना नाम, पहचान, पता और इस प्रकार का अन्य ब्यौरा देने अथवा गवाह बनने के लिए बाध्य नहीं कर सकता तथा गवाह बनने का विकल्प केवल आप पर निर्भर करेगा।

सडक़ पर घायल किसी व्यक्ति के बारे में पुलिस को सूचना देने के पश्चात आपको जाने की अनुमति दी जाएगी और उस मामले में गवाह बनने के इच्छुक नहीं है तो कोई पूछताछ नहीं की जा सकती। यदि आप भले मददगार हैं तो कोई भी पंजीकृत सरकारी एवं गैर सरकारी अस्पताल आपको रुकने के लिए बाध्य नहीं करेगा। पंजीयन या भर्ती खर्चों के भुगतान की मांग नहीं की जाएगी जब तक कि आप घायल व्यक्ति के परिवार के सदस्य अथवा सगे संबंधी न हो। अस्पताल द्वारा प्रोत्साहन के रूप में प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

# कृषि-भूमि पर मैरिज-गार्डन का नहीं होगा संचालन

## हाईकोर्ट ने कहा- जेडीए अधिकारियों ने पिक एंड चूज की नीति अपनाई तो होगी कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने एक रिपोर्टेबल जजमेंट देते हुए स्पष्ट किया है कि जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) के क्षेत्राधिकार में बिना भू-रूपांतरण के कृषि भूमि पर मैरिज गार्डन का संचालन नहीं किया जा सकता है। जस्टिस समीर जैन की अदालत ने यह आदेश मैरिज गार्डन संचालक जगदीश प्रसाद शर्मा की याचिका को खारिज करते हुए दिया। याचिका में जेडीए द्वारा मैरिज गार्डन को सील करने और जेडीए ट्रिब्यूनल के जेडीए कार्रवाई को सही ठहराने के आदेश को चुनौती दी गई थी। अदालत ने स्पष्ट किया कि कृषि भूमि पर बिना रूपांतरण (कन्वर्जन) के मैरिज गार्डन या अन्य व्यवसायिक गतिविधियां संचालित करना गैरकानूनी है।

### जेडीए अधिकारी पिक एंड चूज की नीति नहीं अपनाए

याचिका में कहा गया था कि शहर में बड़ी संख्या में कृषि भूमि पर मैरिज गार्डन संचालित हो रहे है। लेकिन जेडीए अधिकारियों ने केवल उसी के मैरिज गार्डन को सीज किया। जबकि रसूखदार लोगों के मैरिज गार्डन पर कोई कार्रवाई नहीं की। इस पर अदालत ने जेडीए को निर्देश दिए कि वह शहर में कृषि भूमि पर संचालित मैरिज गार्डन पर समान रूप से कार्रवाई करें। अदालत ने कहा कि जोन आयुक्त से लेकर जेडीए आयुक्त तक अगर इस तरह के मामलों में पिक एंड चूज की नीति अपनाते है तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में मुठभेड़, एक जवान घायल

## दो से तीन आतंकी छिपे; सेना के साथ पुलिस-सीआरपीएफ का जॉइंट ऑपरेशन जारी

बढ़ता राजस्थान

**किश्तवाड़ (एजेंसी)** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के छत्रू स्थित कलाबन फॉरेस्ट एरिया में बुधवार सुबह सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आतंकियों की फायरिंग से एक जवान घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। व्हाइट नाइट कॉर्प्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर एक पोस्ट में बताया कि पुलिस को आतंकियों के छिपे होने की खुफिया जानकारी मिली थी। इसके बाद पुलिस ने सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के साथ जॉइंट ऑपरेशन चलाया। इस ऑपरेशन को छत्रू नाम दिया गया है। फिलहाल, दोनों तरफ से फायरिंग जारी है। इलाके में भारी संख्या में सुरक्षाबलों को तैनात किया गया है। सूत्रों के अनुसार, इलाके में दो से तीन आतंकवादी छिपे होने की आशंका है।

# भाजपा बोली- वोट चोरी पर राहुल के दावे फर्जी : छिपकर थाईलैंड-कंबोडिया जाते हैं; कहते हैं एटम बम फटेगा, बम फटता क्यों नहीं

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा और चुनाव आयोग पर वोटर लिस्ट में गड़बड़ी के आरोप लगाए। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल के आरोपों पर पलटवार किया। रिजिजू ने कहा- राहुल ने जो प्रेजेंटेशन दिया, वह फर्जी था। राहुल गांधी ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में कुछ विदेशी महिलाओं के नाम का जिक्र किया। वे संसद सत्र चलते समय विदेश चले जाते हैं। छिपकर थाईलैंड-कंबोडिया जाते हैं। उन्हें विदेशों से जो प्रेरणा मिलती है, उसके आधार पर वे लोगों का समय बर्बाद करते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा- हम भी कई चुनाव हारे, लेकिन कभी रोना-धोना नहीं किया। हमने चुनाव आयोग को गाली नहीं दी। हमने हमेशा नतीजों का स्वागत किया। बिहार में कल चुनाव है। वे ध्यान भटकाने के लिए मुद्दा लेकर आ रहे हैं। राहुल बोलते हैं कि एटम बम फटने वाला है। उनका एटम बम कभी फटता क्यों नहीं है? रिजिजू बोले- बिहार में एसआईआर से लोग खुश, राहुल रो रहे रिजिजू ने हरियाणा चुनाव पर राहुल के आरोपों पर कहा- एग्जिट पोल, ओपिनियन पोल में उलटफेर होते हैं। 2004 में एग्जिट पोल में भाजपा जीत रही थी, लेकिन नतीजे में हार गई। लोकतंत्र में जीत हो या हार, इसे स्वीकार करना पड़ेगा। हमने चुनाव आयोग, एग्जिट पोल-ओपिनियन पोल को गाली नहीं दी।

# सुशांत केस- सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट क्यों सवालों में

## एक्टर ने लिखा था- मेंटल स्ट्रेस दूर करेंगे-नो एल्कोहल-नो मैरिजुआना, फिर मौत क्यों चुनी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** 14 जून, 2020..सुशांत सिंह राजपूत की मौत की खबर सामने आई। उनकी डेडबॉडी मुंबई में उनके घर पर पंखे से लटकी मिली। पहली नजर में मामला सुसाइड का लगा, लेकिन परिवार ने गड़बड़ी की आशंका जताते हुए जांच की मांग की। मुंबई पुलिस ने केस की जांच शुरू की, लेकिन मीडिया और पॉलिटिकल प्रेशर की वजह से केस सीबीआई को सौंप दिया गया। 6 अगस्त 2020 को सीबीआई ने एफआईआर दर्ज की। 4 साल 6 महीने बाद मार्च 2025 में सीबीआई ने फाइनल क्लोजर रिपोर्ट फाइल की। इसमें जांच एजेंसी ने कहा है कि आत्महत्या के लिए सुशांत को उकसाने के कोई सबूत नहीं मिले हैं। हालांकि सुशांत का परिवार ये मानने को तैयार नहीं कि ये सामान्य सुसाइड केस है।







# पुष्कर-मेले का समापन

## 4 लाख श्रद्धालुओं ने किया पंचतीर्थ स्नान

### आईपीएस-एएसपी ने खेला कैमल पोलो, पहली बार हुआ हॉर्स शो; कच्ची घोड़ी डांस कर किया फायर शो



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (नि.स.)।** पुष्कर मेले का समापन कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर हुआ। ब्रह्म मुहूर्त में ब्रह्म सरोवर में पंचतीर्थ का अंतिम महास्नान हुआ, जिसमें लगभग 4 लाख श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। शाम को सरोवर की भव्य महाआरती के साथ इस धार्मिक मेले का समापन हुआ। सावित्री घाट पर सुबह कैबिनेट मंत्री सुरेश रावत ने पूजा-अर्चना की, जबकि मुख्यमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े।

समापन दिवस पर पहली बार पर्यटन विभाग ने कैमल पोलो और हॉर्स शो का आयोजन किया। आईपीएस और एएसपी अधिकारियों ने कैमल पोलो खेला, वहीं ग्रुप डांस और रस्साकशी प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। ग्रुप डांस में 150 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया, जबकि कच्ची घोड़ी नृत्य ने अपने फायर शो के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रस्साकशी में विदेशी पर्यटकों ने भाग लिया। विजेताओं को ऑन-ग्राउंड सम्मानित किया गया। मेला ग्राउंड पर क्लोजिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी और कैबिनेट मंत्री सुरेश रावत भी शामिल हुए। भागीरथ चौधरी ने कहा- यह मेला राजस्थान की आत्मा है। यहां राजस्थानी संस्कृति, हस्तकला, लोककला और खेलकूद का एक अनूठा संगम देखने को मिलता। सरकार और प्रशासन हर वर्ष पुष्कर मेले को और अधिक भव्य रूप में आयोजित करने और राजस्थान की पहचान को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

### महाआरती के साथ धार्मिक मेले का हुआ समापन

पुष्कर में बुधवार को पंच तीर्थ के महास्नान में करीब 4 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। जिला प्रशासन और टूरिज्म डिपार्टमेंट की ओर से सुबह मेला ग्राउंड में क्लोजिंग सेरेमनी के दौरान कई कार्यक्रम आयोजित कर मेले का समापन किया। शाम को जयपुर घाट सहित मुख्य घाटों पर महाआरती की गई। महाआरती के बाद धार्मिक मेले

### पुष्कर मेले में खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए

फूड सेफ्टी टीम ने पुष्कर मेले में दो दर्जन दुकानों और स्टॉलधारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान खाद्य पदार्थों के 21 नमूने लिए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ज्योत्सना रंगा ने बताया कि मैसर्स सवारिया डेयरी पर निरीक्षण के दौरान लगभग 100 लीटर अवधिपार कोल्ड ड्रिंक और 60 किलो पुरानी चासनी, गुलकंद, शरबत और चॉकलेट्स मिलीं, जिन्हें मौके पर ही नष्ट करवा दिया गया। टीम ने मेला ग्राउंड और ब्रह्मा मंदिर रोड पर स्थित महादेव, कृष्णा स्वीट्स, राधा सर्वेश्वर रेस्टोरेंट, मसाला किंग रेस्टोरेंट, कुमावत टी स्टॉल, पुराना मारवाड़ी कुमावत भोजनालय, श्री मां आशापुरा भोजनालय, उगमाजी कचौरी वाले, जैन किराना स्टोर और महादेव डेयरी से मसालों, मैदा, आटा, पनीर, मालपुआ और रिफाइंड सोयाबीन तेल के नमूने लिए। इसके अतिरिक्त, मेले के आसपास स्थित रिसॉर्ट्स जैसे मलबेरी, कृष्णा और ब्रह्मा हॉरिजन के किचन का भी निरीक्षण किया गया और नमूने लिए गए। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाएगी। टीम ने कोटपा एक्ट का उल्लंघन करने पर 10 चालान भी किए। स्टॉलधारियों को ताजा भोजन परोसने, दूषित सामग्री और सड़ी-गली सब्जियां उपयोग में न लेने, सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने, अवधिपार खाद्य सामग्री न बेचने और फूड लाइसेंस प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए।

### पुष्कर की यातायात व्यवस्थाएं चरमराई, लोग हुए परेशान

पुष्कर मेले में अंतिम दिन 3 लाख से ज्यादा लोगों की आवक हुई। ऐसे में पूरी ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गई। प्रशासन ने वन वे ट्रैफिक किया था, लेकिन जगह-जगह जाम के हालात देखे गए। ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को भी जाम खुलवाने में खासी मशक्कत का सामना करना पड़ा।

पुष्कर मेले के समापन समारोह को केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने भी संबोधित किया। चौधरी ने कहा कि यह मेला राजस्थान की आत्मा है। यहां राजस्थानी संस्कृति, हस्तकला, लोककला, और खेलकूद का अनोखा संगम देखने को मिलता है। हॉर्स शो, कैमल मार्च और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने इस बार के मेले को खास बना दिया। उन्होंने कहा कि हर वर्ष इसी तरह पुष्कर मेला और भव्य रूप में आयोजित हो और राजस्थान की पहचान को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाए — इसके लिए सरकार और प्रशासन सतत प्रयासरत हैं।



# बद्रीनाथ धाम में बर्फबारी

**चमोली (एजेंसी)।** उत्तराखंड के चमोली में स्थित बद्रीनाथ धाम में बुधवार सुबह नंवबर की पहली बर्फबारी हुई। बर्फबारी के बाद पूरा मंदिर परिसर बर्फ की सफेद चादर से ढक गया, जिससे धाम का नजारा बेहद मनमोहक दिखाई दिया। मौसम में आए अचानक बदलाव से तापमान शून्य डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। कड़ाके की ठंड और बर्फबारी के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ। भक्त 'जय बद्री विशाल' के जयकारों के साथ भगवान बद्रीनाथ के दर्शन के लिए पहुंचे। इस साल अब तक 15 लाख 90 हजार 550 लोग बद्री विशाल के दर्शन कर चुके हैं। बद्रीनाथ के कपाट 25 नवंबर 2025 को दोपहर 02:56 बजे शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। इस साल कपाट बंद होने की तिथि विजयदशमी पर तय की गई थी।



# हरिद्वार में 26 लाख लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई

## कार्तिक पूर्णिमा पर हरकी पौड़ी में भारी भीड़, भगवान विष्णु का जन्मोत्सव

**हरिद्वार (एजेंसी)।** हरिद्वार में कार्तिक पूर्णिमा के दिन 26 लाख 36 हजार लोगों ने गंगा के विभिन्न घाटों पर आस्था की डुबकी लगाई। हरकी पौड़ी पर तड़के से ही गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी, जो शाम तक बढ़ती चली गई। ठंड के बावजूद लोगों में स्नान को लेकर अपार उत्साह देखने को मिला। दूर-दूर से श्रद्धालु गंगा में डुबकी लगाकर पुण्य और मोक्ष की प्राप्ति की कामना की। कार्तिक पूर्णिमा को धार्मिक दृष्टि से अत्यंत शुभ माना जाता है। इसे देव दीपावली के रूप में भी मनाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन देवता स्वयं मानव रूप में पृथ्वी पर उतरकर पवित्र नदियों में स्नान करते हैं।

# आर्मी चीफ बोले- आज कोई भी देश अकेले सुरक्षित नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को कहा कि आज दुनिया में कई तरह के खतरे हैं और ये तेजी से बदल रहे हैं। ऐसे में कोई भी देश अकेले सुरक्षित नहीं रह सकता। अब सबको मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा- रक्षा क्षेत्र में मिलजुलकर की गई खोज (इनोवेशन) ही सबसे मजबूत सुरक्षा कवच है।

जनरल द्विवेदी मंगलवार को दिल्ली में हुए 'इंडिया डिफेंस कॉन्क्लेव 2025' में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में सेना के वरिष्ठ अधिकारी, रक्षा विशेषज्ञ और उद्योग जगत के लोग शामिल हुए। इस दौरान आर्मी चीफ ने कहा- सेना अब ड्रोन युद्ध, क्वांटम टेक्नोलॉजी, 6त्न और स्पेस मिशन जैसे क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रही है। हम ऐसी तकनीकों पर काम कर रहे हैं जो नागरिक और सैन्य दोनों जगह उपयोगी हों।

जनरल द्विवेदी ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद सेना को आर्थिक मजबूती मिली है, अब सेना को काम करने में ज्यादा आजादी और लचीलापन मिल रहा है। इसी वजह से नए हथियार और तकनीक को शामिल करने की प्रक्रिया तेज हो गई है।



### जनरल द्विवेदी की बड़ी बातें...

**1. सेना ऑटोमेशन की तरफ बढ़ रही-** भविष्य में होने वाली लड़ाई में मशीनें और टेक्नोलॉजी का बड़ा रोल होगा। सेना अब पूरी तरह ऑटोमेशन और मैन-अनमैन्ड टीम्स की तरफ देख रही है। इससे सैनिकों की उतनी ही संख्या से हमें ज्यादा काम मिल सके। यह तभी हो पाएगा, जब उद्योग हमारे साथ मिलकर नई तकनीक दें।

**2. जंग विचारों को ताकत में बदलने की क्षमता पर निर्भर करेगी-** आने वाले समय में युद्ध किसी एक तरीके या क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा। भविष्य की जंग इस बात पर निर्भर करेगी कि हम अपने विचारों को कितनी जल्दी असली ताकत और क्षमता में बदल पाते हैं।


## बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# राहुल बोले- बिहार में ऑपरेशन सरकार चोरी जारी

## ब्राजीलियन मॉडल की फोटो दिखाई, कहा- इसने हरियाणा में सीमा, स्वीटी, सरस्वती के नाम पर वोट डाला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बिहार में पहले फेज की 121 सीटों पर आज वोटिंग होनी है। इससे एक दिन पहले राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि राज्य में ऑपरेशन सरकार चोरी चलाया जा रहा है। राहुल ने बिहार के 5 वोटरों को मंच पर बुलाया। सभी ने कहा कि उनके नाम वोटर लिस्ट से काट दिए गए हैं।

राहुल ने वोटर वैरिफिकेशन पर 1 घंटा 20 मिनट लंबी प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने बताया कि हरियाणा में 3.5 लाख वोटर्स का नाम लिस्ट से काट दिया गया था। बिहार में भी यही दोहराया जा रहा है। चुनाव से ठीक पहले वोटर लिस्ट दी जाती है, ताकि लोकतंत्र को मारा जा सके।

उन्होंने अपने प्रजेंटेशन में हरियाणा की वोटर लिस्ट दिखाते हुए कहा कि ब्राजील की एक मॉडल ने हरियाणा चुनाव के दौरान




10 बूथ पर सीमा, स्वीटी और सरस्वती के नाम पर 22 बार वोट डाला। इस तरह हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 में 25 लाख वोटों की चोरी हुई।

राहुल ने सबसे पहले हरियाणा सीएम नायब सिंह सैनी का वीडियो दिखाया। राहुल ने कहा कि 2024 इलेक्शन रिजल्ट के दो दिन पहले सीएम ने एक बाइट दी, जिसमें उन्होंने व्यवस्था का जिक्र किया। अब ये व्यवस्था क्या है। इसके बाद जो रिजल्ट आया हरियाणा में कांग्रेस चुनाव हार गई।

### हरियाणा सीएम की बाइट- व्यवस्था हो जाएगी पर राहुल का सवाल

राहुल गांधी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में धांधली का आरोप लगाया। राहुल ने कहा कि 2024 में हुए विधानसभा चुनाव के बाद नायाब सिंह सैनी की एक बाइट पर संदेह पैदा होता है। राहुल ने इलेक्शन रिजल्ट से दो दिन पहले 6 अक्टूबर 2024 को सैनी का बयान सुनाया। नायाब सैनी कहते हैं- मैंने शुरू से यह कहा है कि भाजपा एकतरफा सरकार बना रही है। हमारे पास सारी व्यवस्थाएं हैं। आप चिंता मत करिए। राहुल ने सवाल उठाया कि आखिर वो व्यवस्था क्या है। बीजेपी नेता मुस्कुराते हुए सरकार बनाने का दावा कर रहे थे। यह व्यवस्था वोट चोरी की है। इसके बाद जो रिजल्ट आया हरियाणा में कांग्रेस चुनाव हार गई। राहुल ने ब्राजीलियन

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं बढ़ता राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888, जयपुरः फोन 0141-2796794, 95, टोंक कार्यालयः बाईपास, निवाई, टोक (मो. 9414823448), अलवर कार्यालयः मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर (मो. 7877309346), कोटा कार्यालयः छावनी मेन रोड, कोटा (मो. 7023350734), ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार